डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक






वर्ष -08 अंक -173 | प्रयागराज, गुरुवार, 22 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### रेल राज्यमंत्री की तबीयत बिगड़ी सिदो कान्हू के वंशजों से मिलने के लिए जाना था भोगनाडीह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**साहिबगंज।** केंद्रीय रेल, कोयला व माइंस राज्यमंत्री रावसाहब पाटील दानवे की तबीयत मंगलवार दोपहर बिगड़ गयी। इस वजह से उनका भोगनाडीह दौरा टल गया। मंत्री जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। रात में



वे यहां से स्पेशल ट्रेन से पटना लौट जाएंगे। मंगलवार दोपहर उनका भोगनाडीह जाने का कार्यक्रम था। वहां वे सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके स्वजनों से मिलने वाले थे। दोपहर का खाना भी वहीं था लेकिन उनका वहां जाने का कार्यक्रम रद कर दिया गया इसके बाद भाजपा के जिला महामंत्री कुसुमाकर तिवारी, बरहेट मंडल अध्यक्ष मनीष भारती, पतना मंडल अध्यक्ष पंकज ठाकुर, भोगनाडीह मंडल उपाध्यक्ष विभीषण ठाकुर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष दिगंबर शाह, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योतिष हेंब्रम, सामाजिक कार्यकर्ता अजीत भगत उर्फ लालू भगत पंचकठिया स्थित शहीद स्थल पर पहुंचे और माल्यार्पण किया।

# पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई पीएम केयर्स फंड के न्यासी बोर्ड की बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पीएम केयर्स फंड के न्यासी बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। इस बात की जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने दी है। पीएमओ ने बताया कि इस बैठक में पीएम केयर्स फंड की मदद से की गई विभिन्न पहलों पर एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना भी शामिल है, जो 4 हजार 345 बच्चों की मदद कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि नए ट्रस्टियों और सलाहकारों की भागीदारी से पीएम केयर्स फंड के कामकाज को व्यापक दृष्टिकोण मिलेगा। सार्वजनिक जीवन का उनका विशाल अनुभव विभिन्न सार्वजनिक जरूरतों के लिए कोष को अधिक उत्तरदायी बनाने में और



अधिक शक्ति प्रदान करेगा।बता दें कि पीएम केयर्स फंड को कोविड-19 महामारी के बाद शुरू किया गया था। इसका मकसद कोविड-19 महामारी से उत्पन्न हुए हालात में लोगों तक राहत प्रदान करना है। इश्य् ऐं फंड को पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी पीएम केयर्स फंड के अध्यक्ष हैं और रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री इसके ट्रस्टियों में शामिल हैं। गौरतलब है कि कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के माध्यम से फंड ट्रांसफर किया था। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि हम अनाथ बच्चों की हर तरह से मदद करेंगे।

**प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार**

बैठक में पीएम मोदी ने पीएम केयर्स फंड में योगदान देने के लिए देश के लोगों की सराहना की। साथ ही ट्रस्टियों ने भी देश के लिए महत्वपूर्ण समय में फंड द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने पीएम केयर्स फंड का अभिन्न अंग बनने के लिए ट्रस्टियों का स्वागत किया।

# राजू श्रीवास्तव के निधन पर हर कोई नम आंखों से दे रहा श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मशहूर हास्य कलाकार एवं नेता राजू श्रीवास्तव का दिल्ली के एम्स में बुधवार को निधन हो गया। राजू श्रीवास्तव के निधन से आज सारा देश गमगीन है। श्रीवास्तव के निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी समेत कई शीर्ष नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे एक मंझे हुए कलाकार होने के साथ-साथ एक बेहद जिंदादिल इंसान भी थे। सामाजिक क्षेत्र में भी वे काफी सक्रिय रहते थे। उनके शोकाकुल परिवार एवं प्रशंसकों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजू श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इस दुख की घड़ी पर अखिलेश यादव ने राजू श्रीवास्तव के परिवार वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजू श्रीवास्तव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, 'सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव जी का एक विशिष्ट अंदाज था, उन्होंने अपनी अद्भुत प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। उनका निधन कला जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। मैं उनके परिजनों व प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति दें।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी राजू श्रीवास्तव के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए ट्विटर पर लिखा कि मशहूर हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव जी का निधन बेहद दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों एवं सभी प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।कवि कुमार विश्वास ने राजू श्रीवास्तव के निधन पर दुख जताते हुए ट्वीट किया, 'राजू भाई ने आखिर ईश्वर के लोक की उदासी से लड़ने के लिए सांसारिक यात्रा से विराम ले ही लिया। उनके संघर्ष के दिनों से लेकर यश के शिखर तक की यात्रा के सैकड़ों संस्मरण आंखों के आगे तैर रहे हैं। उदास लोगों को मुस्कुराहट की ईश्वरीय सौगात देने वाले सिकंदर को अंतिम प्रणाम भाई।एम्स से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर राजू श्रीवास्तव ने आखिरी सांस ली। राजू श्रीवास्तव के निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सांसद रवि किशन, समेत तमाम नेताओं और फिल्मी हस्तियों ने गहरा शोक जताया है।




# थलसेना से हटेंगे ब्रिटिश काल के प्रतीक परंपराएं

## वर्दी और रेजीमेंट के नामों में भी होगा बदलाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों के अनुरूप जनरल मनोज पांडे के नेतृत्व में भारतीय सेना ने औपनिवेशिक काल की प्रथाओं और इकाइयों व रेजिमेंटों के नामों से छुटकारा पाने की प्रक्रिया शुरू की है। सेना के एक दस्तावेज में कहा गया है, ''विरासत की कुछ प्रथाओं जैसे औपनिवेशिक और पूर्व-औपनिवेशिक युग के रीति-रिवाज व परंपराएं, सेना की वर्दी व परिधान, नियम, कानून, नियम, नीतियां, इकाई स्थापना, औपनिवेशिक काल के संस्थान, इकाइयों, इमारतों, प्रतिष्ठानों, सड़कों, पार्कों के अंग्रेजी नामों की समीक्षा की आवश्यकता है। सेना



मुख्यालय के एक अधिकारी ने कहा, 'ब्रिटिश औपनिवेशिक विरासत से छुटकारा पाते हुए पुरातन और अप्रभावी प्रथाओं से छुटकारा पाना आवश्यक है।' उन्होंने कहा कि भारतीय सेना को भी विरासत की इन प्रथाओं की समीक्षा करने की जरूरत है ताकि राष्ट्रीय भावना के साथ उन पांच संकल्पों के अनुरूप हो सकें जिनका प्रधानमंत्री ने लोगों से पालन करने के लिए कहा है सेना अधिकारियों ने कहा कि जिन मदों की समीक्षा की जा रही है, उनमें स्वतंत्रता पूर्व थिएटर/युद्ध सम्मान, भारतीय राज्यों को दबाने के लिए अंग्रेजों द्वारा दिए गए सम्मान और कामनवेल्थ ग्रेव्स कमीशन से मुक्ति और संबद्धता शामिल हैं। इसमें बीटिंग द रिट्रीट और रेजिमेंट सिस्टम जैसे समारोह भी शामिल हैं। यूनिट में नामों और प्रतीक चिह्न, औपनिवेशिक काल के शिखर, अधिकारियों की मेस प्रक्रियाओं, परंपराओं और रीति-रिवाजों की भी समीक्षा की जाएगी।

# पीएम अन्न योजना का हुआ विस्तार तो घट जाएगा चावल का बफर स्टाक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 30 सितंबर को समाप्त होनी है योजना नई दिल्ली, ब्यूरो। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्योजना (पीएमजीकेएवाई) को और विस्तार दिया गया तो चावल का बफर स्टाक दो दशक में पहली बार निर्धारित मानक से नीचे आ जाएगा। इससे ना केवल खाद्य चुनौतियां बढ़ेगी बल्कि एथनाम मिश्रण के लिए चावल भी उपलब्ध नहीं होगा। योजना के आगे बढ़ने से गेहूं का स्टाक निचले स्तर पर पहुंच जाएगा। मुफ्त अनाज इसी तरह बांटा गया तो एक अप्रैल 2023 को बफर स्टाक में केवल 120 लाख टन चावल बचेगा, जबकि मानक के मुताबिक 136 लाख टन स्टाक होना चाहिए सरकार ने योजना के विस्तार को लेकर फिलहाल कोई फैसला नहीं किया है। कोरोना की महामारी से परेशान गरीबों को खाद्यान्नमुहैया कराने के लिए अप्रैल 2020 में योजना की शुरआत हुई थी। इसके तहत प्रत्येक उपभोक्ता को पांच किलो अनाज हर महीने मुहैया कराया जाता है। अब तक इस योजना पर तीन लाख करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। योजना का विस्तार होने पर सरकारी खजाने पर खाद्य सब्सिडी के रूप में 90 हजार करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। खाद्य मंत्रालय ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट में इसका जिक्र किया



है।मुफ्त राशन वितरण की योजना के छठवें विस्तार का समय 30 सितंबर 2022 को समाप्त हो रहा है। इसलिए इसके और आगे बढ़ाने का फैसला केंद्रीय कैबिनेट को जल्दी ही लेना पड़ेगा। चालू वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल से सितंबर तक के लिए जब इस योजना का विस्तार किया गया, उस समय इस पर तकरीबन 80 हजार करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान था। लेकिन स्टाक में गेहूं की कमी और उसकी जगह चावल की मात्रा बढ़ाने के फैसले से लागत मूल्य बढ़ गया। इससे खाद्य सब्सिडी पर लगातार बोझ बढ़ रहा है।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के लागू होने के बाद वर्ष 2013-14 से अनाज की खरीद को सीमा को हटा लिया गया। इसलिए कभी भी बफर स्टाक अपने मानक मात्रा से नीचे नहीं हुआ। चावल का स्टाक वर्ष 2000 से ही कभी बफर मानक से नीचे नहीं घटा है।चालू रबी मार्केटिग सीजन में गेहूं की खरीद में 56 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। पैदावार कम होने से निर्धारित 444 लाख टन के मुकाबले केवल 188 लाख टन गेहूं की सरकारी खरीद हुई थी। चालू मानसून सीजन में धान उत्पादक राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में चावल की पैदावार के कम होने का अनुमान है। हालांकि इसके मद्देनजर खाद्य मंत्रालय ने चावल की खरीद की आक्रामक नीति तैयार कर रखी है, जो एक अक्टूबर को लांच हो जाएगी।

## गेहूं की खरीद में 56 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई

**चालू रबी मार्केटिग सीजन में गेहूं की खरीद में 56 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। पैदावार कम होने से निर्धारित 444 लाख टन के मुकाबले केवल 188 लाख टन गेहूं की सरकारी खरीद हुई थी। चालू मानसून सीजन में धान उत्पादक राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में चावल की पैदावार के कम होने का अनुमान है। हालांकि इसके मद्देनजर खाद्य मंत्रालय ने चावल की खरीद की आक्रामक नीति तैयार कर रखी है, जो एक अक्टूबर को लांच हो जाएगी।**




# रूस में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सक बने केरल के गुरुवायूर मंदिर के मुख्य पुजारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(केरल)।** एक आयुर्वेदिक डॉक्टर, जो एक भ्दल्ली, ब्लॉगर और गायक भी हैं, केरल के प्रसिद्ध गुरुवायूर मंदिर के अगले प्रधान पुजारी या 'मेलशांति' बनने जा रहे हैं। चौंतीस



वर्षीय डा. किरण आनंद कक्कड़, पुजारियों की एक लंबी कतार से हैं और जो छह साल से मास्को में एक रूसी आयुर्वेद क्लिनिक में आयुर्वेदिक चिकित्सा का अभ्यास कर रहे थे, पिछले हफ्ते बहुत से ड्रा द्वारा गुरुवायूर मंदिर के अगले मेलशांति के रूप में चुना गया।वह अगले महीने से छह महीने की अवधि के लिए कार्यभार ग्रहण करेंगे जिसके बाद एक नई मेलशांति उनकी जगह लेगी। उन्होंने कहा, भगवान की कृपा, उनके आशीर्वाद से मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा, हालांकि, इससे पहले कि वह इस पद के लिए आवेदन कर पाते, उन्हें पहले कई 'परिहारों' और पूजाओं से गुजरना पड़ा ताकि हमारे शरीर पर होने वाले बुरे या बुरे प्रभावों को खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा, रीति-रिवाजों के अनुसार, जो लोग विदेशी भूमि पर जाते हैं, उन्हें इस विश्वास के साथ मंदिर के अनुष्ठानों या गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं है ।

# नौसेना प्रमुख ने चीन को बताया कठिन चुनौती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**चीन एक कठिन चुनौती बना हुआ है। इसने न सिर्फ भारत की स्थल सीमा पर बल्कि समुद्री क्षेत्र में भी अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। ये बातें नौसेना प्रमुख एडमिरल



आर हरि कुमार ने भारत की नौसेना क्रांतिः उभरती समुद्रीय शक्ति' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र (आइओआर) में नियमित रूप से नजर रखे हुए है। भारत पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि आर्थिक संकट के बावजूद उसने अपना सैन्य आधुनिकीकरण जारी रखा है। इन पारंपरिक सैन्य चुनौतियों के कायम रहने के साथ ही आतंकवाद भी एक बड़ा खतरा है। इसका दायरा बढ़ रहा है। एडमिरल कुमार ने कहा कि प्रतिदिन के आधार पर प्रतिस्पर्धा हो रही है। ऐसे में विरोधियों के साथ युद्ध से इन्कार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मंच पर बातचीत में कहा कि चीन हिंद महासागर में 2008 से है और जिबौती में एक सैन्य अड्डा भी बनाया है। साथ ही वह श्रीलंका, म्यांमार और पाकिस्तान सहित अन्य देशों के समुद्र तटों पर भी विभिनन्न बंदरगाह विकसित कर रहा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि पिछले सात वर्षों में कमीशन किए गए 29 जहाजों का निर्माण देश में ही किया गया। वर्तमान में निर्माणाधीन 40 जहाजों में से 38 भारतीय शिपयार्ड में ही बनाए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि नौसेना 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो जाए।

# देश में सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ाने की योजना तैयार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी और दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग समेत मुस्लिम बुद्धिजीवियों के एक समूह ने हाल ही में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की और देश में सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने की योजना तैयार की। दोनों पक्षों ने माना कि सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत किया बिना और आपसी मतभेदों को दूर किए बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जमीरुद्दीन शाह, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी और परोपकारी सईद शेरवानी भी हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अस्थायी कार्यालय उदासीन आश्रम में बंद कमरे में हुई बैठक में मौजूद थे।


# अमित शाह ने की त्रिपुरा के सीएम के साथ ब्रू समझौते के कार्यान्वयन की समीक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री



माणिक साहा के साथ ब्रू समझौते के कार्यान्वयन की समीक्षा की। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। जनवरी 2020 में समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद मिजोरम से विस्थापित हुए ब्रू लोगों का त्रिपुरा में पुनर्वास सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रत्येक परिवार के पुनर्वास के लिए एक व्यापक पैकेज प्रदान किया गया है। त्रिपुरा में पुनर्वासित परिवारों की संख्या 6,959 है। इनमें से अब तक 3,696 परिवारों का पुनर्वास किया जा चुका है और शेष पुनर्वास की प्रक्रिया में हैं। वैसे ब्रू लोगों की कुल आबादी 37,136 है। अब तक 2,407 ब्रू परिवारों के लिए मकानों का निर्माण पूरा हो चुका है। ब्रू परिवारों के लिए त्रिपुरा के स्थायी निवासीप्रमाण पत्र (पीआरटीसी), अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र आदि भी जारी किए जा रहे है।

# योगी सरकार ने वक़्फ़ संपत्तियों के सर्वे का आदेश जारी किया



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** 07 अप्रैल 1989 के शासनादेश को योगी सरकार ने किया निरस्त 07 अप्रैल 1989 के उपरांत, दर्ज वक्फ प्रकरणों का पुनर्परीक्षण करने का नया आदेश जारी पुनर्परीक्षण के उपरांत विहित प्रक्रिया के अनुसार राजस्व रिकार्ड दुरुस्त किऐ जाने का निर्देश 1989 के शासनादेश के तहत सामान्य संपत्ति (बंजर,ऊसर,भीटा इत्यादि) को वक्फ संपत्तियों के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर लिए जाने की शिकायतों के मद्दे नज़र पुनर्परीक्षण का आदेश हुआ है जारी समस्त मंडलायुक्तों / जिलाधिकारियों को पुनर्परीक्षण करने के लिए जारी हुआ नया शासनादेश ।

# पशु क्रूरता व गोवध निरोधक कानून के आरोपी ड्राइवर को सशर्त ज़मानत



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पशु क्रूरता एवं गोवध निरोधक कानून के आरोपी ड्राइवर रमाकांत यादव की जमानत सशर्त मंजूर कर ली है। कोर्ट ने उसे निजी मुचलके और दो प्रतिभूति लेकर रिहा करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति दीपक वर्मा ने दिया है। याची के खिलाफ आजमगढ़ के तरवा थाने में एफआइआर दर्ज है। याची का कहना है कि उसे झूठा फंसाया गया है। उसके पास से चार गाय व चार बछड़े की बरामदगी दिखाई गई है लेकिन कोई स्वतंत्र गवाह नहीं है। याची ड्राइवर है। उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। वह 25 जून 2022 से जेल में बंद है। जमानत पर छूटा तो वह मुकदमे के ट्रायल में सहयोग करेगा।

## कालिंदीपुरम, अल्कापुरी कॉलोनी के पास पानी का संकट



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** कालिंदीपुरम और अल्कापुरी कॉलोनी के आसपास पानी का संकट गहरा गया है। कालिंदीपुरम के नंदगांव सेक्टर के सैकड़ों घरों में दो सप्ताह से पानी का संकट है। घरों में पानी नहीं मिलने की जानकारी होने पर जलकल की टीम पाइपों की ही जांच करती रही। एकदिन पहले पता चला कि नलकूप में खराबी से जलापूर्ति प्रभावित है। क्षेत्र के पार्षद अखिलेश सिंह ने बताया कि जलकल के इंजीनियरों को नलकूप से जलापूर्ति बंद होने की जानकारी कई दिन पहले हो गई थी। इंजीनियर जानबूझकर उलझाते रहे, ताकि सदन की बैठक में मामला न उठ जाए। इसकी सूचना जलकल के महाप्रबंधक को भी नहीं दी गई।

## बस में अजगर देख मची खलबली, भारी-भरकम और लंबा था, प्रयागराज वन विभाग की टीम ने पकड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** अजगर का नाम सुनकर ही शरीर में सिहरन हो जाती है और कहीं दिख जाए तो घबराहट में में लोग इधर-उधर भागने लगते हैं। फिर कल्पना करिए कि अगर यात्रियों से भरी बस में अजगर आ जाए और वो भी भारी भरकम तो क्या होगा। ऐसा ही हुआ बुधवार दोपहर प्रयागराज के सिविल लाइंस में जहां एक निजी बस में अजगर देख लोग घबराहट में चीखने चिल्लाने लगे। बस रुकी तो वन विभाग की टीम को बुलाया गया। वन कमिर्यों ने घंटे भर की मशक्कत के बाद बस से अजगर को निकाला। उसे जंगल में छोड़ा गया है। निजी बस प्रतापगढ़ से प्रयागराज आ ही थी। बताया गया कि बस सोरांव इलाके से गुजर रही थी तभी बस के यात्रियों ने अजगर का एक हिस्सा सीट के नीचे दराज में देखा तो शोर मचाया। बस ड्राइवर और कंडक्टर यात्रियों को शांत कराकर बस को सिविल लाइंस हनुमान मंदिर के पीछे स्टाप तक ले आए। यहां बस रुकी तो यात्री उतरे और कहा कि बस में अजगर है लेकिन ड्राइवर ने रास्ते में बस नहीं रोकी। भीड़ जुटी तो पुलिस पहुंची। फिर वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम पहुंची और बस में उस जगह को देखा जहां अजगर होने की बात कही गई थी। बस के फ़्लोर और उसके नीचे बनी डिग्गी के बीच था। डिग्गी खोलकर वन कमिर्यों ने अजगर को निकालने की कोशिश की लेकिन वह फ़्लोर के दरार के बीच फंसा था। खींचने पर भी वह बाहर नहीं आ रहा था। ऐसे में उसे बाहर निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। घंटे भर तक प्रयास के बाद किसी तरह अजगर को बाहर निकाला गया तो पता चला कि वह करीब सात फीट का था।



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज। प्रयागराज जनपद के नैनी के एडीए चौकी अंतर्गत स्टेशनरी की दुकान में दिन दहाड़े लुटेरों ने बातो में उलझा कर किया माल अन्दर और फरार घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद ।**



# कर्मचारियों ने किया गंगा सफाई और पाकी को किया स्वच्छ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** नील्सनआईक्यू प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के सौजन्य सेए सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर गंगा सफाई एवं पाकी को स्वच्छ किया आज प्रयागराज के सभी कम्पनी के कर्मचारी जिसमे अनिल गुप्ता जी ए मनोज वर्मा जी ए मिथिलेश्वर पाण्डेय जी ए विष्णु तिवारी जी एशशि कुमार पाण्डेय जी ए मोहित कपूर जीए अपूर्व अग्रवाल जीएअभिषेक केशरवानी जीए मोहम्मद तौफीक जीए अजय गुप्ता जीए रोहित सिंह जीए मनीष कुमार सिंह जीए अनुराग पाण्डेय जीए सभी के गौरवमयी उपस्थिति मे गंगा सफाई अभियान चलाया गयाए और गरीब लोगो की सहायता के लिए वस्त्र दान किया गया फिर उसके बाद सभी कम्पनी के कर्मचारियों के सहयोग से पंडित मदन मोहन मालवीय पार्क;मिंटो पार्कद्ध मे जाकर सफाई अभियान और पौध रोपण का बहुत ही पवित्र कार्य किया गया। नील्सनआईक्यू ऑपरेटिंग कंपनियों ;सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों सहितद्ध की पहचान करता है जो दुनिया भर में नील्सनआईक्यू की सेवाएं प्रदान करने के लिए मिलकर काम करती हैं। गोपनीयता कानूनों की भाषा मेंए ये सभी कंपनियां उनके द्वारा की जाने वाली विशिष्ट गतिविधियों के आधार पर ष्डेटा नियंत्रकष् या ष्डेटा प्रोसेसरष् हो सकती हैं। उदाहरण के लिएए जहां एक नील्सनआईक्यू कंपनी किसी व्यक्ति के साथ पैनलिस्ट समझौता करती हैए वह डेटा नियंत्रक के रूप में कार्य करती है। लेकिन जहां एक नील्सनआईक्यू कंपनी द्वारा एकत्रित डेटा एक अलग नील्सनआईक्यू कंपनी के स्वामित्व वाले डेटा सेंटर में संग्रहीत किया जाता हैए वहीं दूसरी कंपनी डेटा प्रोसेसर के रूप में कार्य करती है। कंपनी चाहे जो भी भूमिका निभा रही होए सभी नील्सनआईक्यू कंपनियों को हमारी वैश्विक गोपनीयता और सूचना सुरक्षा नीतियों का पालन करना चाहिएए यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम डेटा की सुरक्षा के तरीके में सुसंगत हैं।







# जब भी शहर आये, लोगों को हंसा कर ही गए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** कामेडियन राजू श्रीवास्तव हास्य कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए देश-विदेश जाते रहते थे। अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद संगम नगरी से उनका मोह नहीं छूटता था। बीते 21 वर्षों में वह यहां कम से कम 10 बार आए थे। कभी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के प्रचार के लिए तो कभी व्यक्तिगत रूप से अपने करीबियों से मिलने के लिए आते रहे हैं। यमुना तट पर जिला प्रशासन की ओर से आयोजित हुए त्रिवेणी महोत्सव में भी राजू आ चुके हैं और लोगों को खूब हंसाया थी।



# जिलाधिकारी ने आला अधिकारियों के कार्यो के प्रति व्यक्त किया असंतोष ,दी चेतावनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पनन्न हुई। बैठक में वृक्षारोपण की जियो टैगिंग कम होने पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के खिलाफ गहरा असन्तोष व्यक्त किया गया तथा उनको सचेत किया कि एक सप्ताह के अन्दर अपने समस्त जियो टैगिंग के कार्य पूर्ण करा लें। जिला गंगा समिति की कायर्योजना तैयार करने के लिये जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि डीएफओ,जिला पंचायत राज अधिकारी ,उपजिलाधिकारी कुण्डा,अधिशासी अधिकारी मानिकपुर एवं कुण्डा के साथ समन्वय स्थापित कर आगामी बैठक में कार्ययोजना के साथ उपस्थित हो।गंगा ग्राम समिति से समन्वय स्थापित करते हुये गंगा की सुरक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्य कराये जाये।डीएफओ ने अवगत कराया कि जैविक कृषि को प्रोत्साहन देने हेतु कायर्योजना बनायी जानी है। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को गंगा के किनारे के 18 गाँवों में जैविक कृषि की कायर्योजना उन गांवों में गठित गंगा समिति के माध्यम से बनवाये जाने का निर्देश दिया। गंगा के किनारे यूकेलिप्टस, खैर एवं चिलबिल के पेड़ न लगाये जाये बल्कि उन गांवो में काष्ठिक प्रजाति के पौधों के वृक्षारोपण हेतु अभियान चलाने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। डीएफओ ने बताया कि सभी कार्ययोजनाओं की सूचना जीडीपीएमएस वेबसाइट पर प्रेषित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गंगा किनारे के 18 गांवो में जल संरक्षण, सालिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु कायर्योजना बनाने के लिये डीएफओ, उपजिलाधिकारी कुण्डा, ईओ मानिकपुर, ईओ कुण्डा, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी कुण्डा एवं कालाकांकर गंगा गांव में बैठक में सम्मिलित होकर मानक के अनुसार कायर्योजना तैयार कराकर अगली बैठक में प्रस्तुत की जायं। गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वरूण सिंह, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।





# अवैध तमंचे संग शातिर बदमाश गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)

**सैदपुर।** स्थानीय पुलिस ने अवैध तमंचे संग बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने गोपालपुर स्थित रेलवे क्रासिंग के पास से संदिग्ध को रोका तो वो भागने लगा। दौड़ाकर पकड़ने पर उसके पास से अवैध देशी तमंचा बरामद हुआ। उसने अपना नाम अरविंद कुमार पुत्र रामजीत यादव निवासी दाड़ीबाड़ी बताया। जांच में पता चला कि आरोपी पर पहले से ही आर्म्स एक्ट समेत 5 मुकदमे हैं। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।




# गुरू-शिष्या के पवित्र रिश्ता हुआ कलंकित

## मार्शल आर्ट ट्रेनर पर छात्रा ने लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

## मंडुवाडीह थाने में आरोपी ट्रेनर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

(आधुनिक समाचार सेवा)

**वाराणसी।** पीएम मोदी की संसदीय क्षेत्र वाराणसी मे गुरु रूपी एक शिक्षक ट्रेनर द्वारा गुरु-शिष्या की पवित्र रिश्ता को कलंकित करने का घृणित मामला प्रकाश मे आया है। जहा एक छात्रा ने बरेका के सूर्यसरोवर पर मार्शल आर्ट सिखाने वाले एक ट्रेनर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मंडुवाडीह थाने में मंगलवार को मुकदमा दर्ज करवाया है। इस संबंध मे आरोपित शिक्षक कंदवा निवासी विनोद प्रजापति के विरूद्ध मार्शलआर्ट सीखने वाली छात्रा की तहरीर पर मंडुवाडीह थाना में पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार छात्रा मूल रूप से सोनभद्र की रहने वाली है। वह मंडुवाडीह क्षेत्र में अपनी दोस्त के साथ रहती है।आत्मरक्षा के उद्देश्य से उसने एक महीने पहले विनोद प्रजापति से मार्शल आर्ट सीखना शुरू किया था। इस मामले मे आरोप है कि सोमवार की शाम को सूर्य सरोवर तालाब के पास विनोद उसे और दो अन्य छात्रों को मार्शल आर्ट सिखा रहा था। तभी बारिश शुरू हो गई। दोनों छात्रों को ट्रेनर ने कहा कि तुम लोग चले जाओ और तीसरी छात्रा से कहा कि तुम्हें मैं घर छोड़ दूंगा।शाम साढ़े 7 बजे के लगभग विनोद उसे सरोवर के समीप झाड़ी के पीछे ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीडि़ता के अनुसार, दुष्कर्म के बाद वह इस कदर डर गई थी कि उसे कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। किसी तरह से हिम्मत जुटा कर उसने अपने अधिवक्ता से संपर्क किया और फिर मंडुवाडीह थाने गई। इस संबंध में मंडुवाडीह थाना प्रभारी राजीव सिंह ने मीडिया को बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पीडिता को मेडिकल मुआयना के लिए भेजा जा।



# बिहार के रोहतास में मालगाड़ी के बीस वैगन बेपटरी गया- डीडीयू रेल खंड पर परिचालन ठप

(आधुनिक समाचार सेवा)

**चंदौली।** डीडीयू (दीनदयाल उपाध्याय, मुगलसराय) -गया रेल मार्ग पर बिहार के रोहतास जिले में कुम्हऊ रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब साढ़े छह बजे एक मालगाड़ी के कुल बीस डिब्बे डीडीयू-गया रेल मार्ग पर पटरी से उतर गए। वहीं इस हादसे के बाद हावड़ा -नई दिल्ली रेल मार्ग के गया- डीडीयू रेल खंड पर परिचालन ठप हो गया है। इस बाबत डीआरएम डीडीयू की ओर से हादसे की जानकारी देते हुए यातायात जल्द बहाल करने के लिए प्रयास शुरू करने की जानकारी दी है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल के डीडीयू - गया ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड के कुम्हऊ स्टेशन पर बुधवार की तड़के 06.35 बजे एक मालगाड़ी के 20 वैगन पटरी किन्हीं वजहों से उतर गए। इस दौरान तीनों लाइन (अप, डाउन एवं रिवर्सल) पूरी तरह से बाधित हो गई। पीडीडीयू मंडल और हाजीपुर (पटना) मुख्यालय से अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर रवाना होने के साथ ही तीनों लाइन पर बिखरे वैगन के रिस्टोरेशन का काम शुरू हो गया है। हादसे के कारण कई पैसेंजर गाड़ियां डीडीयू जंक्शन पर खड़ी हैं। वहीं इस हादसे के बाद रूट पर यातायात बाधित होने के बाद से ही डीडीयू जंक्शन पर यात्री परेशान हैं तो दूसरी ओर तमाम ट्रेनों को जंक्शन पर रोकने के साथ ही रूट की अन्य ट्रेनों को दूसरे स्टेशनों पर रोक दिया गया है। इसकी वजह से यात्रियों की भी फजीहत हो रही है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार डाउन रेल लाइन पर हादसा होने के बाद दिल्ली-हावड़ा का रेल रूट बाधित हो गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल के सासाराम जंक्शन के पास कुम्हऊ रेलवे स्टेशन के पास खंभा नंबर 578/18 के पास ही तेज गति की मालगाड़ी के एक-एक कर कुल 20 माल गाडि़यों के डब्बे पटरी से उतर गए। स?थानीय लोगों के अनुसार वैगनों के बेपटरी होने के बाद आपस में एक दूसरे से टकराने की वजह से काफी तेज आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए। हादसे के बाद स?थानीय लोगों ने मौके पर जाकर देखा तो जान माल का नुकसान न होने से राहत की सांस ली। स्थानीय कुम्हऊ स्टेशन से अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लेने के साथ ही उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराते हुए रूट पर ट्रेनों का यातायात रोक दिया। इसके बाद रूट की ट्रेनें जहां थीं वहीं पर करीबी स्टेशनों पर ही रोक दी गईं। वहीं हादसे की जानकारी होने के बाद डीडीयू जंक्शन से रेल प्रशासन घटनास्थल की तरफ लाव लश्कर के साथ रवाना हो गया। कुल बीस वैगन के डिरेल होने के कारण तीनों लाइन (अप, डाउन एवं रिवर्सल) पूरी तरह बाधित हैं।डीडीयू जंक्शन से दी गई जानकारी के अनुसार मंडल एवं मुख्यालय से अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर सुबह नौ बजे तक पहुंचकर पुनः संचालन योग?न बनाने में जुट गई है। ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने के बीच ट्रैक क्लियर होने तक रूट से होकर गुजरने वाली ट्रेनों को दूसरे रास्ते से रवाना किया जा रहा है।




# वाराणसी में दोबारा बढ़ रहा है गंगा का जलस्तर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**वाराणसी।** गंगा में बाढ़ की रफ्तार सोमवार से ही धीमी चल रही है। रविवार व सोमवार सुबह जहां गंगा प्रति घंटे चार से पांच सेमी की रफ्तार से बढ़ रही थी। वहीं मंगलवार की रात से यह रफ्तार घट गई। मंगलवार की रात में दो घंटे में मात्र एक सेमी ही बढ़ाव हो रहा था। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। बताया जा रहा है कि बुधवार को गंगा का जलस्तर स्थिर होने की उम्मीद है। पिछले माह गंगा का जलस्तर काफी बढ़ गया था। सभी घाटों का संपर्क टूट गया था और कई कालोनियों में भी पानी भर गया था। इसके कारण लोगों को दूसरे स्थान पर जाना पड़ा था। सबसे अधिक उन लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि करीब दो सप्ताह तक गंगा शांत रही। इसके बाद जब रविवार को गंगा के जलस्तर में बढ़ावा शुरू हुआ तो लोगों की धुकधुकी बढ़ गई। हालांकि अब उनके लिए राहत भरी खबर है। मगर, बारिश जारी रही तो जलस्तर दोबारा बढ़ सकता है।



### वाराणसी में छत से गिरी एक जानलेवा ईंट ने निर्माण को करा दिया जमींदोज

(आधुनिक समाचार सेवा)

**वाराणसी।** शहर के बड़ादेव में अवैध तरीके से बने चार मंजिला भवन पर बुधवार को विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला तो देखते ही देखते भवन जमींदोज होता चला गया। वहीं, मजदूरों द्वारा भी हथौड़े से अवैध निर्माण को तोड़कर पूरी तरह जमींदोज करने की कार्रवाई को पुख?ता किया गया। दरअसल बिल्डिंग निर्माण के दौरान जानलेवा ईंट गिरने से एक युवती की मौत के बाद यह कार्रवाई की गई है।

# निजी अस्पताल में दो प्रसूताओं की बिगड़ी हालत, दोनों की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**देवरिया।** सलेमपुर उपनगर के निजी अस्पताल में रविवार की रात आपरेशन से प्रसव के दौरान दो महिलाओं की हालत बिगड़ गई। गोरखपुर में इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई। घटना से नाराज स्वजन दोनों मृतकों का शव लेकर कोतवाली पहुंच गए व हंगामा किया। निजी अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए। पुलिसकर्मियों के कार्रवाई के आश्वासन पर शांत हुए। जानकारी के मुताबिक, मईल थाना क्षेत्र के करौता गांव निवासी सर्वजीत उर्फ राणा की पतनी 24 वर्षीया रिंकू देवी को रविवार की रात में प्रसव पीड़ा शुरू हुई। स्वजन उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर ले गए। डाक्टर ने प्रसूता को गंभीर बताते हुए देवरिया रेफर कर दिया। आरोप है कि गांव की आशा कार्यकर्ता ने देवरिया ले जाने की बजाय उपनगर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। रविवार की रात करीब दस बजे आपरेशन के दौरान प्रसूता ने बच्चा को जन्म दिया। सोमवार की सुबह अचानक महिला की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल के कर्मचारियों ने अपने वाहन से गोरखपुर के एक निजी अस्पताल भेज दिया। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। स्वजन देर रात शव को लेकर कोतवाली पहुंच गए।वहीं लार थाना क्षेत्र के धकपुरा गांव निवासी छोटू की पतनी 25 वर्षीया संध्या देवी का रविवार की सुबह प्रसव पीड़ा होने पर स्वजन ने उपनगर के इसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां आपरेशन के दौरान बच्ची पैदा हुई। गुमराह करने का आरोप स्वजन का आरोप है कि डाक्टर ने गुमराह कर अस्पताल में भर्ती रखा। जब हालत खराब हुई तो गोरखपुर के निजी अस्पताल भेज दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई। दोनों शव को लेकर स्वजन कोतवाली पहुंचे। गेट पर शव रखकर हंगामा किया। पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज की मांग की। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं, सीएमओ डा.राजेश झा के सीयूजी मोबाइल पर रात 9.40 बजे कई बार काल किया गया, लेकिन मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। एसीएमओ डा.राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मौके पर सलेमपुर सीएचसी के अधीक्षक को मौके पर भेजा जा रहा है।



# चालक को झपकी आने से क्रेन से टकराई स्कार्पियो, एक की मौत, आठ लोग घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**गाजीपुर।** सैदपुर (गाजीपुर) में वाराणसी- गोरखपुर फोरलेन पर अलायचक गांव के पास मंगलवार की अल सुबह चालक को झपकी आने से स्कार्पियो खड़ी क्रेन से टकरा गई। दुर्घटना में एक की मौत हो गई एवं आठ घायल हो गए। घायलों को वाराणसी हायर सेंटर रेफर किया गया है। बिहार के गया के पहाड़पुर आमस गांव निवासी योगेंद्र दास बीमार चल रहे हैं। उनकी पत्नी ममता, पुत्री उजाला, पुत्र विशाल व पवन, भाई रंजीत दास योगेंद्र को लेकर गया के जिला अस्पताल में भर्ती थे। अस्पताल में उनकी मुलाकात औरंगाबाद के गोह थाना क्षेत्र के अजान गांव निवासी कन्हई यादव व खुड़वा थाना क्षेत्र के आरी गांव निवासी रामप्रवेश यादव (52) के साथ हुई। रामप्रवेश ने उन्हें सलाह दी कि मऊ जिला में एक यूनानी अस्पताल है, जहां जाने पर योगेंद्र ठीक हो जाएगा। इसका पता चलने पर योगेंद्र के घरवालों के साथ रामप्रवेश व कन्हैया भी स्कार्पियो गाड़ी से मऊ के लिए निकले।परिजनों के अनुसार गाड़ी गया निवासी दीपक कुमार चला रहे थे। फोरलेन पर अलायचक के पास एक क्रेन सड़क किनारे खड़ी थी, इधर चालक दीपक को वहीं पर झपकी आ गई जिससे गाड़ी खड़ी क्रेन से टकरा गई। दुर्घटना में स्कार्पियो में सवार सभी घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आया गया, जहां चिकित्सक ने रामप्रवेश को मृत घोषित कर दिया। शेष घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद वाराणसी रेफर कर दिया। बासूपुर चौकी इंचार्ज लक्ष्मण यादव ने बताया कि मृतक के घरवालों को सूचना दी गई है। उनके आने का इंतजार किया जा रहा है। बताया कि चालक को झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई है। हादसे में स्कार्पियो क्षतिग्रस्त हो गई है।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्र:** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: 30 सितंबर 2022
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**

सम्पर्क सूत्र:– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

## मिर्जापुर की नई डीएम दिव्या मित्तल को आया गुस्सा: रात में निरीक्षण करने विंध्याचल पहुंची


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर की नई जिलाधिकारी दिव्या मित्तल सोमवार की रात विंध्याचल निरीक्षण करने पहुंचीं। जिलाधिकारी ने शारदीय नवरात्र मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। मिर्जापुर की नई जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सोमवार की रात विंध्याचल जाकर शारदीय नवरात्र मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। धीमी गति से हो रहे काम को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि दिन-रात लगकर काम को शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही मेला की तैयारियों में लगे प्रशासनिक विभागों के जिम्मेदारों से कहा कि वे काम को पूरा करने का समय बताएं। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां मेले के पहले ही पूर्ण हो जानी चाहिए।




इस अवसर पर एडीएम शिव प्रकाश शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह व अन्य थे। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सोमवार को कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विकास योजनाओं की जानकारी ली।2013 बैच उत्तर प्रदेश कैडर की आईएएस मूलतः हरियाणा की रहने वाली दिव्या मित्तल इससे पूर्व संतकबीर नगर की जिलाधिकारी रहीं। बरेली में विकास विकास प्राधिकरण में उपाध्याय रही हैं। उन्होंने दिल्ली में बीटेक और आईआईआईएम बेंगलूरू में एमबीए की शिक्षा हासिल की है। वहीं डीएम ने रात में नवरात्र मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

## हाथीनाला पुलिस ने जंगलों की सघन कांबिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** हाथीनाला थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खोखा व पगडेवा के जंगलों में की गयी सघन काम्बिंग - जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र आदेश के क्रम मे और अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में बुधवार को थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा मय पीएसी बल थाना क्षेत्र ग्राम खोखा व पगडेवा के जंगलों में सघन कॉम्बिंग की गयी । काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया ।





## वर्षा के दृष्टिगत संक्रामक रोग के रोकथाम हेतु जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिशाषी अधिकारियो को किया गया निर्देशित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** नगरीय क्षेत्रों में छिड़काव फागिंग कराने का निर्देश ग्रामीण क्षेत्रो में भी साफ सफाई हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को किया गया निर्देशित मीरजापुर 20 सितम्बर 2022- जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सभी नगर पालिकाओं/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कहा है कि वर्षा के दृष्टिगत अनेक संक्रामक बीमारियां की रोकथाम के लिये नगरीय क्षेत्रो में कीटनाशक दवाओ का छिड़काव तथा मच्छरो के रोकथाम हेतु अभियान चलाकर फागिंग कराया जाय। उन्होने कहा कि यह अभियान नगरीय क्षेत्र के सभी वाडी के मोहल्लो गलियो, मलिन बस्तियो व अन्य कालोनियो में कराया जाय। ताकि संक्रामक बीमारियो से बचा जा सकें।जिलाधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी को भी निर्देशित करते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में भी साफ सफाई व कीटनाशक दवाओ का छिड़काव कराया जाय उन्होने कहा कि विशेषकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में जहॉ से बाढ़ के बाद पानी कम हुआ हैं अभियान चलाकर कीटनाशक दवाओ का छिड़काव फागिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

## स्टांप कमी मामले में जुर्माना नहीं देने पर आरसी जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** अपर जिलाधिकारी न्यायालय से स्टाम्प कमी के मामले में दो लोगों पर लगभग हुए 480000 रुपये का जुर्माना अदा नहीं करने पर मडि़हान तहसील को आरसी जारी कर वसूली करने को कहा है। यह आरसी पूर्व विधायक के पुत्र सुनील कुमार और बनकी स्थित हाई टेक सिटी प्राइवेट लिमिटेड निदेशक अरविंद तिवारी के खिलाफ जारी किया गया है। वसूली की जिम्मेदारी मडि़हान तहसील के संग्रह विभाग को दी गयी है। आरोप है कि पूर्व विधायक कल्लू रतनकर के पुत्र सुनील कुमार रतनकर निवासी ने तहसील क्षेत्र के डढि़या गांव में जमीन बैनामा कराया था। बिना जांच किए तत्कालीन लेखपाल की रिपोर्ट पर जमीन की दाखिल खारिज कर दी गयी। स्टाम्प चोरी की शिकायत पर जांच करायी गयी तो मामला सही पायदा गया। अपर जिलाधिकारी न्यायालय से 213830 रुपये का जुर्माना हो गया। जुर्माने की रकम समय से जमा न करने पर क्रेता सुनील कुमार रतनकर के खिलाफ आरसी जारी की गयी। इसकी वसूली के लिए मडि़हान तहसील स्थित संग्रह विभाग को नोटिस भेजी गयी है। इसी तरह दूसरा मामला इसी तहसील के बनकी गांव का है। प्राइवेट लिमिटेड हाई टेक सिटी के नाम से जमीन खरीदी गई। लेकिन क्रेता द्वारा जमीन की मालियत छिपायी गई। शिकायत होने पर अपर जिलाधिकारी न्यायालय से नोटिस दी गई। मुकदमे के फैसला में निदेशक अरविन्द तिवारी पर 265950 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माने का पैसा अदा न करने पर निदेशक के खिलाफ आरसी जारी कर वसूली के लिए तहसील भेज दी गई है। उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर कटरा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की सुबह बथुआ के पास से हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने किया।कटरा कोतवाल नवीन कुमार तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि हेरोइन की बिक्री के लिए दो युवक बथुआ के पास खड़े हैं। पुलिस ने घेरेबंदी कर दो आरोपी प्रिंस सोनकर निवासी बथुआ सोनकर बस्ती और दीपू सोनकर निवासी बथुआ सोनकर बस्ती को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से पांच-पांच ग्राम हेराइन बरामद किया। साथ ही हेरोइन बिक्री का 40120 रुपये भी बरामद किया।

## नीलगाय से बाइक सवार टकराने से दो व्यक्ति हुए चोटिल



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के रानी ताली में आज मंगलवार करीब 6:30 बजे शाम को बाइक सवार दो व्यक्ति, नील गाय के टकराने से घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार श्यामलाल पनिका 34 वर्ष पुत्र रूद्र प्रताप पनिका निवासी ग्राम किलबिल थाना म्योरपुर महेंद्र प्रसाद राम कुमार पुत्र महेंद्र कुमार ग्राम सुंदरी थाना विधि सोनभद्र उम्र करीब 27 वर्ष जो मिशन हॉस्पिटल रावटसगंज से अपने घर के लिए जा रहे थे रानी ताली ढाल पर नील गाय से टकरा कर चोटिल हो गए जिन्हें उपचार हेतु एंबुलेंस द्वारा, दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया ।

## मंडलीय अस्पताल में 18 बेड का डेंगू वार्ड बनाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** वायरल फीवर, मलेरिया के बाद अब डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अस्पताल में इस समय एक माह के अंदर लगभग 50 डेंगू के मरीज इलाज करा चुके हैं। इसमें कई को रेफर किया गया तो कई को स्वस्थ्य होने पर डिस्चार्ज किया गया, पर डेंगू के मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है। मरीजों की संख्या बढ़ने पर इस बार 12 बेड का अतिरिक्त वार्ड बनाया गया। बाढ़ का जलस्तर कम होने पर सड़ांध से तो वैसे ही लोग डायरिया और अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे है। अब मच्छरों के प्रकोप के चलते जिले में लगातार डेंगू के मरीज बढ़ रहे है। जिले में 13 अगस्त को पहला डेंगू का रोगी भर्ती हुआ। इसके बाद से एक माह से अधिक का समय बीत गया। इसके साथ डेंगू के मरीज भी बढ़ते चले गए। हालत ये हो गई कि अस्पताल में पहले छह और फिर पूरे वार्ड को डेंगू वार्ड में बदल दिया गया। मंडलीय अस्पताल में 18 बेड का डेंगू वार्ड बन गया है। इस समय 15 मरीज भर्ती है। वार्ड में मच्छरदानी लगा है। दवा अस्पताल और बाहर की दोनों दी जा रही है। बड़ी बात ये है कि मेडिकल कालेज के अधीन होने के बाद भी डेंगू की एलाइजा जांच की सुविधा मंडलीय अस्पताल में नहीं है। सुयीदय और सूर्यास्त के समय करें अधिक बचाव मंडलीय अस्पताल के डा. उमेश श्रीवास्तव ने बताया कि डेंगू के मच्छर से बचना है तो सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। आस-पास पानी इकट्ठा न होने दें। डेंगू का मच्छर सुबह और शाम के समय काटता है। तो इस समय अधिक बचाव करें। फूल बांह के कपड़े पहने। डेंगू के मरीज बढ़ने पर वार्ड में बेड की संख्या के बढ़ा दी गई है। अब डेंगू वार्ड में 18 बेड है। इसमें मच्छरदानी आदि की सुविधा है। मरीजों को दवा देकर स्वस्थ्य किया जा रहा है।



## राज्यसभा सांसद से मिले एनआरएलएम कर्मी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राज्य आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सेवारत कर्मियों ने राज्यसभा सांसद रामशकल से भेंट कर सरकार की उपेक्षा पर आक्रोश जताया। नौ सूत्री मांगों को लेकर सांसद को पत्रक सौंपा। साथ ही प्रदेश स्तर पर वार्ता के दौरान 2015 में लिए गए निर्णय के लागू न होने पर चिंता जतायी। सांसद ने मिशन से जुड़े लोगों को न्याय का भरोसा दिया।

## स्कूल बस पलटी, 14 छात्र-छात्राएं घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पड़री।** पड़री थाना क्षेत्र के पचोखरा गांव के पास मंगलवार को सुबह सात बजे एक निजी स्कूल की बस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के बाद ग्रामीणों के सहयोग से बस में बैठे 24 बच्चों को शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। 14 बच्चों को हल्की चोटें आई। आस-पास के अस्पताल में उनका उपचार कराया गया। मौके पर पहुंचे प्रधानाचार्य को ग्रामीणों ने घेर लिया। थानाध्यक्ष के समझाने पर माने। छटहां गांव स्थित एचपी कांवेंट स्कूल की बस बच्चों को तोसवां, भरपुरा, भिलगो लगाया आरोप पड़री। अभिभावक प्रदीप दुबे, अनिल दुबे, रजत दुबे, विनय दुबे, विकास तिवारी, रुद्र प्रताप सिंह सहित ग्रामीणों का कहना है लोगों द्वारा स्कूल खोल वाहन किराए के नाम पर विद्यालयों द्वारा मोटी रकम तो लिया जा रहा है लेकिन बच्चों को स्कूली वाहन में बच्चों को ठूस-ठूस कर तेज गति से स्कूली वाहनों से ले जाया जा रहा है। छात्रों की संख्या अधिक व वाहनों में कमी के चलते गाड़ी पलटी है। सभी विद्यालय का यही हाल है नहर में ट्राली पलटी, पांच मजदूर घायल मडि़हान। पटेहरा गांव के



से बच्चे बैठाकर पचोखरा गांव में बच्चों को लेने जाते समय असंतुलित होकर चरी के खेत में पलट गई। सूचना मिलने पर अभिभावक पहुंचे। हादसे में राज जायसवाल (11) पुत्र जितेंद्र जायसवाल, सत्या (12) पुत्री अनिल दुबे, राज (9) पुत्र अनिल दुबे, राशिका (4) पुत्री नीतीश दुबे, शौर्य (4) पुत्र रजत दुबे, शरद (6) पुत्र विनय दुबे, दीक्षा (5) पुत्री प्रदीप दुबे, अंशिका मौर्य (8), वैष्णवी (6), सक्षम (8), दिव्यांश (6), प्रांचल (7), सौम्या (5), नैना कुमारी (6) आदि बच्चों के मामूली चोटे आई। जिन्हें अभिभावक आस-पास के डाक्टरों को दिखाकर घर ले गए। स्कूल बस पलटने की सूचना पर लोगों की भीड़ लग गई थी। परिजनों के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे थे। संयोग था कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंचे स्कूल के प्रधानाचार्य विकास पाण्डेय को अभिभावकों ने घेर लिया। आक्रोशित परिजनों को थानाध्यक्ष माधव सिंह व ग्रामीणों के समझाने छोड़ दिया गया अभिभावकों ने पास मंगलवार की सुबह असंतुलित होकर ट्रैक्टर हिनौता राजवाहा में चला गया। ट्राली पलटने से काम करने जा रहे पांच मजदूर घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। थाना क्षेत्र के शेरुआ व सीतलगढ़ से 20 श्रमिक ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार होकर बनकी गांव में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन परियोजना में खोदाई करने जा रहे थे। पटेहरा गांव के सामने ट्रैक्टर पहुंचा ही थी कि असंतुलित होकर नहर में चला गया। ट्राली पलटने से सवार 20 मजदूर दब गए। चीख पुकार पर पहुंचे ग्रामीणों के सहयोग से सभी को घायलों को किसी तरह बाहर निकलवाया गया। हादसे में पप्पू (32), पकौड़ी (26), विकास (25) निवासी शेरुआ व अजय (28) व बबलू (30) निवासी सीतलगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम भेज दिया गया।

## मिशन शक्ति के तहत लगाया गया जन चौपाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला मलिन बस्ती में जन चौपाल लगाकर



महिलाओं को किया गया जागरूक आज बुधवार को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिला सुरक्षा, महिलाओं के सम्मान ,महिला स्वालंबन वं वर्तमान परिवेश में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ रहे अपराध के रोकथाम के लिए महिलाओं की सुरक्षा के तहत गांव गांव में व मोहल्ले मोहल्ले में जाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।इसी क्रम महिला आरक्षी जोहरा बेगम ने बताया कि डाला क्षेत्र के मलिन बस्ती डाला में जन चौपाल लगाया गया और महिलाओं से महिला पुलिस कर्मी द्वारा उनकी समस्याओं को सुना गया साथ ही महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराध एवं घरेलू हिंसा उत्पीड़न के संबंध में जागरूक किया गया महिलाएं अपनी समस्याओ को खुलकर नही बता पाती है इसलिए मिशन शक्ति के तहत प्रत्येक थाने पर एक महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है जहां पर महिला पुलिस कर्मी द्वारा महिला संबंधित समस्याओ को सुना जाएगा एवं उनकी प्रथम सूचना रिपोर्ट महिला पुलिस कर्मी द्वारा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी ।महिला एवं बच्चियों के सुरक्षा हेतु प्रत्येक थाने पर एंटी रोमियो स्क्वायड टीम का गठन किया गया है जिसके तहत आरक्षी महिला टीम द्वारा मनबढो एवं मनचलों पर कार्यवाही की जा रही है वहीं महिलाओं की सुरक्षा हेतु उत्तर प्रदेश सरकार व उत्तर प्रदेश पुलिस के द्वारा घरेलू हिंसा दहेज उत्पीड़न एवं अन्य महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों पर कार्रवाई के संबंध में भी बताया गया। महिलाओं के अपराध को रोकने के लिए 112 1090 181 टोल फ्री नंबर के संबंध में भी जागरूक किया गया इस दौरान जोहरा बेगम कास्टेबल आलोक पांडे कास्टेबल आनंद गोंड शामिल रहें।

## नवाबो के शहर लखनऊ में अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी, सोनभद्र की बेटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सोनभद्र की बेटी दीक्षा पटेल आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर मनाये जा रहे अमृत महोत्सव के तहत संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकेडमी एवं वाइब्रेट फोक आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी लखनऊ की ओर से 28 सितम्बर को राज्य स्तरीय मेगा कन्सल्ट आयोजित किया जाएगा जिसमे उत्तर प्रदेश के 75 जिलों एक प्रतिष्ठित महिला गायिका का चयन हुआ जिसमें सोनभद्र से बी.एच.यू से संगीत की शिक्षा प्राप्त डाला सोनभद्र की रहने वाली दीक्षा पटेल का चयन कर आमंत्रित किया गया। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजिका सुप्रसिद्ध लोक गायिका बन्दना मिश्रा ने दी एवं बताया कि उत्तर प्रदेश का यह एक अनूठा कार्यक्रम होगा जिसमें 75 जिलों की 75 गायिका एक साथ एक मंच पर स्वर भरेंगी। यह कार्यक्रम लखनऊ के गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत घाट ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।






# १९वां ओवर बना था ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का कारण, अब पूर्व क्रिकेटर ने दी रोहित को सलाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच में एक बार फिर से भारतीय गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन ने टीम इंडिया की वर्ल्ड कप की तैयारियों की पोल खोल कर रख दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने हार्दिक पांड्या के 71 रनों की विस्फोटक पारी के दम पर 208 रनों का स्कोर खड़ा किया था लेकिन गेंदबाज इस स्कोर को डिफेंड नहीं कर पाए और ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट खोकर लक्ष्य को 4 गेंद पहले हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक 61 रन कैमरोन ग्रीन ने बनाया जो पहली बार ओपनिंग कर रहे थे। एशिया कप के बाद मोहाली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टीम इंडिया की डेथ ओवर में गेंदबाजी की समस्या बरकरार रही। गेंदबाजों ने आखिरी 5 ओवर में 61 रन लुटाए। 18वें ओवर में हर्षल पटेल ने 22 रन तो 19वें ओवर में एक ओवर में रन लुटाए। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया को आखिरी दो ओवर में 18 रनों की दरकार थी ऐसे में उम्मीद थी कि भुवनेश्वर कुमार अपने अनुभव का फायदा उठाएंगे लेकिन वह एक बार फिर असफल साबित हुए और 16 रन दिए। टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर ने भुवनेश्वर कुमार को लेकर एक सलाह दी है। उन्होंने पहले भी कहा था और फिर दोहराया कि आखिरी 5 ओवर में भुवनेश्वर से केवल 1 ओवर की गेंदबाजी कराई जाए। सीरीज का अगला मैच 23 सितंबर को नागपुर में खेला जाएगा। इस मैच में जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। उम्मीद है भारत के अनुभवी गेंदबाज भुवी भी अपने फॉर्म में सुधार करेंगे।



बार फिर भुवनेश्वर कुमार का अनुभव काम नहीं आया और उन्होंने 16 रन दिए और मैच को आसानी से जाने दिया। इससे पहले भुवनेश्वर कुमार ने एशिया कप के दो मैचों में भी 19वें ओवर में गेंदबाजी की थी और महंगे साबित हुए थे। श्रीलंका के खिलाफ 19वें ओवर में उन्होंने 14 जबकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उन्होंने 19 रन दिए थे। ऐसा एक महीने के भीतर तीसरी बार हुआ जब भुवनेश्वर कुमार ने 19वें

## इन चार कारणों से हारी टीम इंडिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज के पहले मैच में एक बार फिर भारत की डेथ बॉलिंग एक्सपोज हो गई और टीम 208 रनों के विशाल लक्ष्य को भी डिफेंड नहीं कर पाई और ऑस्ट्रेलिया ने इस लक्ष्य को 4 गेंद शेष रहते 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह टीम के लिए चिंता का कारण



इसलिए है क्योंकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले एशिया कप में भी टीम दो बार 160 से ज्यादा के लक्ष्य को डिफेंड करने में नाकाम रही थी। टीम पहले पाकिस्तान के खिलाफ और फिर श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत नहीं पाई थी और हर बार डेथ ओवर में खराब गेंदबाजी जिम्मेदार थी। भारत के हार की बात करें तो कई ऐसी चीजें हैं जिस पर टीम को काम करने की जरुरत है। पिछले कुछ महीनों से टीम एक आक्रमक अप्रोच के साथ खेल रही है। लेकिन इसके साइडइफेक्ट भी सामने आ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली टी20 में भी टीम ने 5 ओवर के भीतर विराट कोहली और रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया जिसके कारण टीम अच्छी शुरुआत से वंचित रह गई।

# अक्टूबर में बढ़ेगा रोमांच जब दो बार आमने-सामने आएंगे भारत और पाकिस्तान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जब भी भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने आती है तो क्रिकेट फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर होता है, हो भी क्यों न जब भी ये दोनों टीमें खेलती है मुकाबला इतना रोचक हो जाता है कि आखिरी ओवर तक कौन सी टीम जीतेगी बताना मुश्किल हो जाता है। यदि आप भी इन दोनों की राइवलरी का गवाह बनना चाहते हैं तो अक्टूबर का महीना आपके लिए है। दरअसल इस महीने में दो बार ये दोनों टीमें आमने-सामने होगी। अभी हाल ही फैंस को दो मौके ऐसे मिले थे जब दोनों टीमें आपस में भिड़ी थी। एक बार फिर दोनों टीमें एशिया कप और वर्ल्ड कप में होंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबलों की बात करें तो पहली बार 7 अक्टूवर को महिला एशिया कप में दोनों टीमें आपस में भिड़ेगी। एशियन क्रिकेट काउंसिल की तरफ से 1 अक्टूबर से शुरू हो रहे वुमेंस एशिया कप 2022 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है जिसमें 7 अक्टूबर को भारतीय महिला टीम पाकिस्तान से भिड़ेगी। हालांकि टीम इंडिया का इस टुर्नामेंट में यह चौथा मैच होगा। टीम अपने पहले मुकाबले में 1 अक्टूबर को श्रीलंका, 3 को मलेशिया और अगले दिन यूएई की टीम से भिड़ेगी। दूसरी बार दोनों टीमें ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में भिड़ेंगी। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाला यह मुकाबला 23 अक्टूबर को होगा जिसकी टिकटें पहले ही सोल्ड आउट हो चुकी हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला यह मुकाबला एशिया कप की तुलना में और भी दिलचस्प होगा क्योंकि इस बार भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह होंगे तो पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी भी खेलते हुए नजर आएंगे। इससे पहले एशिया कप में दोनों टीमें दो बार भिड़ी थी। पहली बार जीत भारत को मिली तो दूसरी बार पाकिस्तान ने हराया था।





# राशिफल

**मेष-**:खुशियों से भरा एक अच्छा दिन। आज आपके सामने आने वाले निवेश के नए अवसरों पर विचार करें।

**वृष-**:आज का दिन एक नया तोहफा लेकर आया है। आज आपके मन में कई सकारात्मक भावनाएँ आएंगी।

**मिथुन-**:आज आपको काम की गुणवत्ता बनाए रखनी होगी। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। थकान और चिंता रहेगी।

**कर्क-**:एक सज्जन के दिव्य वचन आपको संतुष्टि और सांत्वना देंगे। क्रेडिट मांगने वाले लोगों को अनदेखा करें।

**सिंह-**:आज आपका दिन सामान्य रहेगा। माता की कृपा से किए गए कार्यो में आपको सफलता मिल सकती है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या-**:आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। व्यर्थ का धन व्यय होगा। अगर किसी को गुमराह किया जा रहा है, तो आप उस पर नजर रख सकते हैं, लेकिन आपको इसे गुप्त रूप से करन।

**तुला-**: अब इसका कोई भी उपयोग दिल पर अतिरिक्त दबाव डालेगा। आप में शीघ्र धन कमाने की प्रबल इच्छा होगी। ऐसा लगता है कि आप पारिवारिक मोर्चे पर बहुत खुश नहीं हैं

**वृश्चिक-**:आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। ऑफिस के किसी जरूरी काम में सीनियर आपकी मदद कर सकते हैं, जिससे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे।

**धनु-**:आज किसी व्यवसायी व्यक्ति को नया बिजनेस पार्टनर या ऑफर मिल सकता है। अविवाहितों को लंबे समय बाद मिलने का मौका मिल सकता है।

**मकर-**:आज आपका आत्मविश्वास और ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा। आप यात्रा करने और पैसे खर्च करने के मूड में रहेंगे - लेकिन अगर करते हैं ।

**कुंभ-**: आज का दिन आत्मविश्वास और उम्मीदों से भरा दिन है। आप जीवन में कुछ करने का निणय्र ले सकते हैं, कुछ नए अनुभव आपको प्राप्त होंगे।

**मीन-**:प्रेमी का साथ पाना आज सबसे बड़ी चुनौती होगी। आपका प्रेमी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। किसी मित्र को परेशानी या परेशानी में देखकर आप भावुक हो जाएंगे।



# सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी हरमन की टीम, कब और कहां देखें मुकाबला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में टीम इंडिया के पास सीरीज जीतने का बेहतरीन मौका है। टीम फिलहाल पहला वनडे जीतकर 1-0 से आगे है। पहले वनडे में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 7 विकेट से आसानी से हरा दिया था। 228 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की तरफ से तीन खिलाडि़यों ने अर्धशतकीय पारी खेली थी और 34 गेंद शेष रहते हुए 7 विकेट से जीत दिला दी थी। बल्लेबाजी की बात करें तो स्मृति मंधाना ने सर्वाधिक 91 रन जबकि यास्तिका भाटिया ने 50 रन की पारी खेली थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर की बात करें तो उन्होंने 74 रनों की नाबाद पारी खेली थी। गेंदबाजी में भी टीम ने मिला-जुला प्रदर्शन किया था। 5 गेंदबाजों ने 1-1 विकेट लिए थे जबकि दीप्ति शर्मा ने 2 खिलडियों को आउट किया था। टीम अगर इस प्रदर्शन को दूसरे मैच में भी जारी रखती है तो सीरीज जीत सकती है। यदि आप भी इस



रोमांचक मुकाबले का आनंद लेना चाहते हैं तो आइए मैच से जुड़ी कुछ अहम बातों के बारे में जान लेते हैं। कब होगा इंग्लैंड और भारत के बीच यह दूसरा वनडे मैच इंग्लैंड और भारत के बीच यह दूसरा वनडे मैच 21 सितंबर, बुधवार को होगा। कहां होगा इंग्लैंड और भारत के बीच यह दूसरा वनडे मैच इंग्लैंड और भारत के बीच यह दूसरा वनडे मैच सेंट लॉरेंस ग्राउंड कैंटरबरी के मैदान पर होगा। कितने बजे शुरू होगा इंग्लैंड और भारत के बीच यह दूसरा वनडे मैच इंग्लैंड और भारत के बीच यह दूसरा वनडे मैच सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप पर देखी जा सकती है। इसके अलावा मैच से जुड़ी अन्य अपडेट आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पर पा सकते हैं।

## हार्दिक को नहीं पता कहां फिसला हाथ से मैच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में टीम इंडिया 200 से ज्यादा रनों को डिफेंड करने में नाकामयाब रही और दूसरी बार ऐसा हुआ जब 200 से ज्यादा का स्कोर बनाकर उसे हार झेलनी पड़ी। कप्तान रोहित शर्मा ने हार की जिम्मेदारी गेंदबाजों को दी क्योंकि एक बार फिर डेथ



ओवर में गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाए। 18वें और 19वें ओवर में हर्षल पटेल और भुवनेश्वर कुमार ने क्रमशः 22 और 16 रन खर्चे। रोहित ने इसके अलावा टिम डेविड और मैथ्यू वेड के बीच हुई 61 रनों की साझेदारी को मैच का टर्निंग प्वाइंट बताया लेकिन मैच के बाद हार्दिक पांड्या से जब इस बारे में सवाल किया गया तो वह नहीं बता पाए कि मैच कहां फिसला 30 गेंदों पर 71 रन की शानदार पारी खेल कर टीम को शुरुआती झटकों के बावजूद 208 रन तक का स्कोर खड़ा करने मे पांड्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा लेकिन मैच के बाद उनसे जब एक पत्रकार ने पूछा तो हार्दिक ने कहा मुझे नहीं पता कहां इंडिया के हाथ से मैच फिसल गया? जब पत्रकार ने कहा क्या ये 18वां ओवर था जिसमें हर्षल की गेंदबाजी में 22 रन बने तो हार्दिक ने किसी एक पर उंगली उठाने से मना किया। हार्दिक ने कहा 'आप बताओ, मुझे नहीं पता, हमको पता होता तो वहीं नहीं रोक देते। देखो सर पिन प्वाइंट नहीं कर सकते। उनके टाइम पर भी एक ओवर में 24-25 रन आए उससे कुछ फर्क नहीं पड़ता। बाइलेटरल सीरीज है और दो मैच बचे हैं उसमें कोशिश करेंगे कुछ अच्छा करने की।हार्दिक की पारी की बात करें तो यह उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न केवल बेस्ट स्कोर है बल्कि टी20 में भी यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस मैच के बाद हार्दिक ने ट्वीट कर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि हम सीखेंगे, हम सुधार करेंगे और सपोर्ट करने के सभी फैंस का धन्यवाद।

# एशिया कप के लिए हुई टीम इंडिया की घोषणा, 1 अक्टूबर से शुरू होंगे मुकाबले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सिलहट में होने वाले वुमेंस एशिया कप 2022 के लिए अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान हरमनप्रीत कौर के हाथों में है जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान की जिम्मेदारी निभाएंगी। इस टीम में जेमिमा रॉड्रिगेज की वापसी हुई थी वह इंग्लैंड दौरे पर चोट के कारण नहीं जा पाई थी। स्टैंड बाय के तौर पर तानिया सपना भाटिया, सिमरन दिल बहादुर को रखा गया है। यह टुर्नामेंट 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। टीम अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत 1 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद टीम 3 को मलेशिया और अगले दिन यूएई की टीम से भिड़ेगी। 7 अक्टूबर को भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा जिसका इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं। एशिया कप 2022 के लिए भारत की टीम हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिगेज, सबभिनेनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), सन्हे राणा, दयालन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, के.पी. नवगिरे।



# टीम इंडिया की हार पर भड़के शास्त्री कहा-बड़ी टीमों को हराना है तो करना होगा ये काम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 में मिली हार ने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया है। टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री जो शायद ही कभी टीम के प्रदर्शन पर उंगली उठाते हैं वह भी इस हार से परेशान दिखे। उनकी यह परेशानी टीम इंडिया की खराब फील्डिंग को लेकर है। इस मैच में टीम ने 3 महत्वपूर्ण कैच छोड़े जिसमें एक कैच कैमरोन ग्रीन का था, जिन्होंने 30 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। शास्त्री ने टीम इंडिया की फील्डिंग को ढीला बताया और कहा कि यदि टीम इंडिया को किसी बड़ी टीम को हराना है तो इसमें सुधार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा,अगर आप पिछले कुछ वर्षों में भारतीय टीम को देखें, तो युवा और अनुभवी खिलाडियों का मिश्रण रहा है। मुझे यहां युवा गायब लग रहे हैं और इसलिए फील्डिंग कमजोर नजर आई। यदि आप पिछले पांच-छह वर्षों को फील्डिंग के हिसाब से देखें, तो मुझे लगता है कि यह टीम फील्डिंग के मामले में टॉप टीमों को टक्कर देते हुए नजर नहीं आती और यह बड़े टूर्नामेंट में नुकसान पहुंचाता है। यह ठीक उसी प्रकार है जैसे आपने बल्लेबाजी में 15-20 रन अतिरिक्त बनाए हो। यदि आप फील्डिंग की बात करें तो कहां है टैलेंट जडेजा नहीं है कहां है एक्स फैक्टर इस मैच में टीम इंडिया की फील्डिंग की बात करें तो टीम ने इस मैच में तीन कैच छोड़े। पहला कैच अक्षर ने छोड़ा जब कैमरोन ग्रीन केवल 42 रन के स्कोर पर थे। केएल राहुल के हाथ से भी एक कैच छिटक गया, लेकिन टीम इंडिया को सबसे बड़ा खामियाज मैथ्यू वेड का कैच छोड़ने पर उठाना पड़ा। उनका कैच हर्षल पटेल ने ड्रॉप किया। उस वक्त वेड केवल एक रन बनाकर खेल रहे थे और बाद में उन्होंने 21 गेंदों पर 45 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिला दी।





# सम्पादकीय

## शंघाई सहयोग संगठन कितना सार्थक, आंतरिक विरोधाभास ही उसकी प्रगति में बाधक

उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ का शिखर सम्मेलन बीते दिनों चर्चा में रहा। उसकी सबसे खास झलकियों की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात बड़ी खास रही। उसमें मोदी ने पुतिन से कहा कि 'यह युद्ध का युग नहीं है!' प्रधानमंत्री का संकेत यूक्रेन को लेकर था। हालांकि यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही नई दिल्ली का यही रुख है, लेकिन मोदी का सार्वजनिक रूप से इसे रेखांकित करना यह दर्शाता है कि रूस के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं और यह उसकी योजनाओं के अनुरूप दिशा में नहीं जा रहा। यूक्रेन युद्ध को लेकर न केवल भारत, बल्कि चीन की असहजता भी स्पष्ट दिखती है। स्वयं पुतिन यह स्वीकारोक्ति करते दिखे कि वह यूक्रेन युद्ध के मसले पर चीन के 'सवालों और चिंता' को समझते हैं, वह भी तब जबकि चीन ने सार्वजनिक रूप से ऐसा कुछ नहीं कहा। उलटे पुतिन से राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात पर चीन यही दर्शाने पर जोर देता रहा कि दोनों नेताओं की बैठक अमेरिकी चुनौती से निपटने के साझा प्रयासों पर केंद्रित रही। चीन ने यही मंशा दिखाई कि वह रूस के साथ काम करने का इच्छुक, महाशक्तियों की जिम्मेदारी से अवगत और अस्थिरता से गुजर रही दुनिया में स्थायित्व और सकारात्मक ऊर्जा के संचार में भूमिका निभाने की दिशा में सक्रिय है। इसके बावजूद वैश्विक चुनौतियों के मुद्दे पर मोदी कहीं ज्यादा मुखर थे, जब उन्होंने पुतिन से कहा, 'हम पहले भी कई बार फोन पर इस विषय में बात कर चुके हैं।' मोदी का आशय खाद्य सुरक्षा, ईंधन सुरक्षा और उर्वरक उपलब्धता से जुड़ा था, जो कि आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभरी हैं। इस लिहाज से दुनिया के कई नाजुक देशों पर यह समस्या बहुत भारी पड़ रही है। मोदी ने शांति के पथ पर अग्रसर होने की पैरवी करते हुए पुतिन को 'लोकतंत्र, कूटनीति और संवाद' की महत्ता का भी स्मरण कराया। व्यापक संदर्भों से देखें तो एससीओ शिखर सम्मलेन का आयोजन काफी भव्य रहा। इसके विस्तार के भी संकेत दिखे। बहरीन, मालदीव, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात एससीओ में नए संवाद सहयोगी बनाए गए हैं, जबकि मिस्र, सऊदी अरब और कतर के लिए यह प्रक्रिया आरंभ की गई है। इसका 121 सूत्रीय समरकंद घोषणापत्र भी खासा महत्वाकांक्षी है, जो 2023-27 के लिए व्यापक कायन्योजना निर्धारित करते हुए एससीओ सदस्य देशों के बीच मित्रता और सहयोग से संबंधित प्रविधानों का खाका खींचता है। इसके बावजूद इस सम्मेलन ने समूह के भीतर विभाजक रेखाओं को भी स्पष्ट किया। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद यह पुतिन और चिनफिंग की पहली मुलाकात थी और इसमें शी अपने रूसी समकक्ष को जुमलों के अलावा और कुछ नहीं दे पाए। जबकि चीन बड़ी मात्रा में रूस से सस्ता तेल खरीद रहा है, लेकिन उसने रूस को अभी तक कोई बड़ी मदद नहीं पहुंचाई है। समरकंद में शी यूक्रेन पर किसी भी प्रकार की चर्चा से बचे। इसके बजाय उन्होंने मध्य एशिया में चीन की व्यापक भूमिका पर जोर दिया, क्योंकि रूस अभी इस मोर्चे पर कुछ खास नहीं कर सकता। देखा जाए तो चीन-रूस संबंध समय के साथ एकतरफा होते जा रहे हैं और एससीओ इसकी पुष्टि का ताजा पड़ाव बना। इस सम्मेलन के जरिये रूस पश्चिम को यह दिखाने की फिराक में था कि वह अलग-थलग नहीं पड़ा, मगर उसके लिए यह मंच असहज करने वाला सिद्ध हुआ, क्योंकि यूक्रेन पर रूसी आक्रामकता पर शायद ही कोई सदस्य खुलकर मास्को के समर्थन में आया हो। यह भी स्पष्ट हो रहा है कि रूस कहीं ज्यादा तेजी से यूक्रेन में अपना नियंत्रण गंवा रहा है। रूस के विकल्प भी सीमित होते जा रहे हैं। इसका प्रभाव एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में उसकी हैसियत पर भी पड़ रहा है। समय के साथ जाहिर होती रूस की कमजोरियों से पूर्व सोवियत राष्ट्रों की अपने भविष्य के प्रति चिंता बढ़ी है। मास्को पर उनकी निर्भरता एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि कमजोर रूस अपने आर्थिक एवं सामरिक मामलों को प्रभावी रूप से संभालने में सक्षम नहीं रहेगा। जहां रूस अभी यूक्रेन में फंसा है, वहीं आर्मेनिया और अजरबैजान में कुछ दिन पहले ही तनाव फिर से बढ़ गया। जिस समय एससीओ में अच्छे पड़ोस को लेकर प्रवचन हो रहा था, उसी दौरान मध्य एशिया में किर्गिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा पर संघर्ष का नया मोर्चा खुल गया। उनकी हजार किलोमीटर लंबी सीमा में से एक तिहाई हिस्से पर विवाद है।

## भारत के राफेल जेट को कड़ी टक्कर देने के लिए चीन ने J-10C फाइटर जेट पाकिस्तान को दिए, कौन है ज्यादा ताकतवर

भारतीय वायु सेना में राफेल से निपटने के लिए पाकिस्तान ने चीन के ं-10ण् की एक नई खेप अपनी वायु सेना में शामिल किया है। पाकिस्तान को राफेल का खौफ इस कदर था कि तत्कालीन इमरान सरकार ने कई सांसदों के विरोध के बावजूद चीन के साथ इस रक्षा सौदे को फाइनल किया था। आइए जानते हैं कि राफेल और चीन के भारतीय वायु सेना में राफेल की दस्?तक के बाद वर्ष 2021 में पाकिस्तान और चीन के बीच जे-10सी फाइटर जेट रक्षा सौदे की डील हुई थी। दिसंबर, 2021 में पाकिस्तान सरकार ने ऐलान किया था कि चीन के साथ 25 जे-10सी फाइटर जेट खरीदने को लेकर डील की गई है। 3- राफेल मिलने के बाद भारतीय वायु सेना एडवांस तकनीक से लैस समझ में नहीं आ रहा है। जे-10 पहले से ही पाकिस्तान की वायुसेना में मौजूद है और नया विमान उसका अपग्रेड वर्जन है। हालांकि, भारत के राफेल फाइटर जेट से घबराई पाकिस्तान की तत्कालीन इमरान खान सरकार ने अपने ही सांसद का विरोध दरकिनार करते हुए चीन से 25 ं-10 लड़ाकू विमानों की एक पूरी मिलती है। स्कैल्प मिसाइल या स्ट्राम शैडो जैसी मिसाइलें किसी भी बंकर को आसानी से तबाह कर सकती है। 4- राफेल एक ऐसा लड़ाकू विमान है जिसे कम से कम सात तरह के मिशन पर भेजा जा सकता है। यह एक मिनट में 60 हजार फुट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसकी फ्यूल क्षमता 17 हजार किग्रा है। राफेल जेट



जे-10 सी विमान में क्या अंतर है। क्या पाकिस्तान चीनी जे-10सी से भारतीय राफेल को टक्?कर दे पाएगा। दोनों विमानों में कौन ज्यादा ताकतवर है। 1- भारतीय वायु सेना में शामिल फ्रांसीसी लड़ाकू विमान राफेल को टक्कर देने वाले चीनी ं-10ण् फाइटर जेट की दूसरी खेप भी पाकिस्तान को मिल गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब पाकिस्तान वायु सेना के पास इन फाइटर विमानों की संख्या एक दर्जन हो गई है। पाकिस्तानी वायु सेना को भारतीय राफेल की तैनाती के बाद इसकी जरूरत महसूस हो रही थी। पाक ने अपनी सेना मजबूत करने के लिए चीन से इन फाइटर को खरीदा है। 2- पाकिस्तानी वायु सेना के पास यह सबसे मजबूत हथियारों में से एक है। पाकिस्तान को चीन से पहली खेप मार्च के महीने में मिली थी, जिसमें छह फाइटर जेट शामिल थे। इसके बाद अब दूसरी खेप में छह और फाइटर जेट मिलने के बाद इनकी संख्या 12 हो गई है। थी, लेकिन अब जे-10सी मिलने से पाकिस्तान का नाम भी इसी लिस्ट में शुमार हो गया है। पाकिस्तानी सेना ने जे-10सी विमानों को अपनी सुरक्षा फ्लीट में शामिल किया। मार्च महीने में पाकिस्तान को चीन से फाइटर जेट की पहली खेप मिली थी। जे-10 सी विमानों की खेप मिलने के बाद तत्कालीन पीएम इमरान खान ने कहा था कि अब किसी भी देश को पाकिस्तान पर हमला करने से पहले दो बार सोचना होगा। इमरान ने कहा था कि पाकिस्तान के सशस्त्र बल किसी भी खतरे को हराने के लिए अच्छी तरह सुसज्जित और प्रशिक्षित हैं। चीन के साथ पाकिस्तान का यह रक्षा सौदा विवादों में रहा है। चीन का दावा है कि ं-10ण् विमान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमानों में से एक है, लेकिन खुद पाकिस्तान के एक सांसद ने इसकी क्षमता पर गंभीर सवाल उठाए थे। पाकिस्तान के एक सीनेटर और मुस्लिम लीग नवाज गुट के नेता अफनान उल्लाह खान ने् को खरीदने का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि चीनी विमान को खरीदने का तर्क स्क्वाड्रन खरीद की थी। 1- राफेल को भारत की रक्षा जरूरतों के हिसाब से निर्मित किया गया है। राफेल परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है। यह 24,500 किलो तक का वजन ले जाने में सक्षम है और 60 घंटे की अतिरिक्त उड़ान भी भर सकता है। इसकी स्पीड 2,223 किलोमीटर प्रति घंटा है। मिटिआर मिसाइलों से लैस राफेल विमान 120 किमी की दूरी से एफ-16 जैसे विमान को मार गिरा सकता है। यह विमान अपने साथ चार मिसाइलों को एक साथ ले जा सकता है। राफेल की लंबाई 15.30 मीटर और ऊंचाई 5.30 मीटर है। राफेल पहाड़ी इलाकों में उड़ने के लिए आदर्श एयरक्राफ्ट है 2- भारत में राफेल बियांड विजुअल रेंज मिसाइल्स से लैस है। यानी बिना टारगेट प्लेन को देखते ही उसे उड़ाया जा सकता है। राफेल में ऐक्टिव रडार सीकर लगा है जिससे किसी भी मौसम में जेट आपरेट करने की सुविधा हर तरह के मौसम में एक साथ कई काम करने में सक्षम है, इसलिए इसे मल्टिरोल फाइटर एयरक्राफ्ट के नाम से भी जाना जाता है। इसमें स्काल्प मिसाइल है जो हवा से जमीन पर 600 किमी तक वार करने में सक्षम है। भारत के राफेल और पाकिस्तान के जे-10सी विमान, दोनों ही फाइटर जेट 4.5 जनरेशन के हैं। राफेल को इराक, सीरिया, अफगानिस्तान, लीबिया और माली में कांबेट आपरेशन में इस्तेमाल में लाया जा चुका है, जबकि जे-10सी को लेकर यह अनुभव नहीं है। राफेल में हाई रेंज मिसाइल की क्षमता है जिसमें विश्व की सबसे खतरनाक कही जाने वाली माइका और आईआईआर इमैजिंग इंफ्रारेज मिसाइल को लोड किया जा सकता है, तो वहीं चीनी जे-10सी की लोअर रेंज मिसाइल क्षमता है। इसे पीएल-8/9 जैसी मिसाइलों को ही लोड किया जा सकता है। राफेल की मारक क्षमता ज्यादा है, जबकि जे-10सी की मारक क्षमता कम है।

## गंभीर समस्याओं पर शुतुरमुर्गी रवैया राष्ट्रघाती समस्याओं पर सरकारों की चुप्पी घातक


बीते दिनों 'विधि विरुद्ध पंथ परिवर्तन प्रतिषेध कानून' के तहत मोहम्मद अफजाल नामक युवक को पांच साल की सजा सुनाने के साथ 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अमरोहा, उत्तर प्रदेश के अफजाल ने छद्म नाम अरमान कोहली से हिंदू समुदाय की एक किशोरी को अपने प्रेमजाल में फंसाने के बाद उसका जबरन मतांतरण करने की कोशिश की थी। पिछले साल वह इस किशोरी को छल-बल से दिल्ली ले गया। वहां किशोरी को पता चला कि वह जिसे अरमान समझ रही, वह अफजाल है। वह उसे इस्लाम कुबूलने और निकाह करने के लिए धमकाने लगा। पुलिस ने दो दिनों बाद उसे दिल्ली के उस्मानपुर इलाके से बरामद करने के साथ अफजाल को गिरफ्तार कर लिया। अफजाल की सजा इसलिए चर्चा में है, क्योंकि इसे लव जिहाद मामले में पहली सजा कहा जा रहा है। लव जिहाद शब्द सबसे पहले केरल में सुनाई ईसाई मिशनरियों ने पूर्वोत्तर और विशेष रूप से मिजोरम, नगालैंड, मेघालय आदि की जनजातियों को मतांतरित कर इन राज्यों के धार्मिक चरित्र को बदल कर रख दिया। इसके बाद उन्होंने अविभाजित बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र के साथ ओडिशा जैसे उन राज्यों का रुख किया, जहां जनजातियों की अच्छी-खासी संख्या है। इन राज्यों में एक बड़ी संख्या में जनजाति समुदाय के लोग ईसाई मिशनरियों के छल-कपट के चलते ईसा मसीह की शरण में जा चुके हैं। ईसाई मिशनरियां सारे देश में फैल गई हैं और हर कहीं सक्रिय हैं। उनका साथ कुछ अन्य ईसाई संस्थाएं दे रही हैं। एक अर्से से वे पंजाब, तमिलनाडु में भी बड़े पैमाने पर मतांतरण करा रही हैं। लोगों को धोखा या लालच देकर अथवा उनकी मजबूरी का लाभ उठाकर ईसाई बनाया जा रहा है। देश के जिन हिस्सों में लोगों ने चर्च नहीं देखा था, वहां वे तेजी से



दिया था। धीरे-धीरे यह देश भर में प्रचलित हो गया, क्योंकि अफजाल जैसे मामले सामने आते ही रहते हैं। इस पर बहस हो सकती है कि ऐसे मामलों को लव जिहाद कहा जाना चाहिए या नहीं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि अपनी पहचान छिपाकर दूसरे समुदाय की लड़कियों से प्रेम और विवाह करने का सिलसिला कायम है। हर सप्ताह देश के किसी न किसी हिस्से से ऐसी खबर आती है कि किसी अहमद ने अशोक या किसी शादाब ने सुनील बनकर किसी अन्य समुदाय की लड़की को अपने प्रेमजाल में फंसाया। अधिकांश मामलों में लड़कियों को शादी के बाद ही पता चलता है कि जिसे वे अशोक या सुनील समझ रही थीं, वे वास्तव में अहमद या शादाब थे। ऐसी तमाम लड़कियों को जबरन इस्लाम स्वीकार करने के लिए विवश किया जाता है। जो इन्कार करती हैं, उनकी या तो जान पर बन आती है या फिर उनकी जान ही ले ली जाती है। छल-छद्म से अन्य समुदाय की लड़कियों से दोस्ती, प्रेम और विवाह करने के अनगिनत मामलों के बाद भी कथित लिबरल-सेक्युलर तबका और अंग्रेजी मीडिया का अधिकांश हिस्सा लव जिहाद जैसी किसी समस्या को कुछ सांप्रदायिक लोगों का शिगूफा करार देता है। यह शुतुरमुर्गी रवैये का सटीक उदाहरण है। यह तबका ऐसी ही शुतुरमुर्गी मानसिकता का परिचय छल-कपट और लोभ-लालच से कराए जा रहे मतांतरण के मामलों में भी देता है और आम तौर पर उन सबको धिक्कारता है, जो ऐसे मतांतरण के खिलाफ आवाज उठाते हैं। यह तब है, जब छल-कपट या प्रलोभन का सहारा लेकर निर्धन तबकों और विशेष रूप से दलितों और जनजातियों के मतांतरण का सिलसिला स्वतंत्रता के पूर्व से ही कायम है। गांधी जी ने ईसाई मिशनरियों के मतांतरण अभियान की निंदा की थी, फिर भी उन पर अंकुश नहीं लगाया जा सका। इसका नतीजा यह हुआ कि बन रहे रहे हैं। देश में जिस गति से मतांतरण हो रहा है, उसे राष्ट्रांतरण के अतिरिक्त और कुछ नहीं कहा जा सकता। मतांतरण किस तरह राष्ट्रांतरण का पर्याय बन गया है, इसे उन जार्ज पोनैन्या के बयान से समझा जा सकता है, जिनसे भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने मुलाकात की थी। इस मुलाकात में उन्होंने कहा था कि ईसा मसीह ही असली ईश्वर हैं, न कि शक्ति आदि। इसके पहले पोनैन्या यह कह चुके हैं कि 'भारत माता एक बीमारी है' और इसीलिए हम चप्पल पहनते हैं। वह यह भी कह चुके हैं, 'कन्याकुमारी में हम शीघ्र ही 70 प्रतिशत हो जाएंगे। हिंदू भाई इसे एक चेतावनी के तौर पर लें।' जिहादी किस्म के इस पादरी को मद्रास उच्च न्यायालय ने भी फटकार लगाई थी। तमिलनाडु से छल-बल या प्रलोभन के जरिये मतांतरण के मामले सामने आते ही रहते हैं। बीते सप्ताह ही राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग यानी एनसीपीसीआर ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव को उस मामले में स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया, जिसमें एक संस्था में गरीब तबके की छात्राओं के जबरन मतांतरण प्रकरण की रिपोर्ट समय पर नहीं पेश की गई। एनसीपीसीआर ने तमिलनाडु के बाल संरक्षण अधिकार आयोग की छानबीन के आधार पर ही इस मामले में स्टालिन सरकार से जवाब मांगा था। उसने पहले तो जवाब देने में देरी की, फिर राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग की रपट को खारिज कर दिया। पता नहीं सच क्या है, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि इसी साल जब लावण्या नामक एक छात्रा ने जबरन ईसाई बनाने के लिए बनाए जा रहे दबाव से त्रस्त होकर आत्महत्या कर ली थी, तो स्टालिन सरकार ने हरसंभव तरीके से लीपापोती करने की कोशिश की थी। इसी कारण मद्रास हाई कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआइ को सौंपने का निणन्य दिया था।

## पुतिन से बोले पीएम मोदी, 'यह युद्ध का समय नहीं',अमेरिका ने किया स्वागत कहा- भारत का यह एक सैद्धांतिक बयान

हाल ही में पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात एससीओ बैठक में हुई थी। इस मुलाकात में दोनों ही देशों के शीर्ष नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध समेत कई अहम मुद्दों पर हुई थी। पुतिन और पीएम मोदी के बीच युक्रेन मसले पर हुई बात को लेकर बाइडन प्रशासन की ओर से बयान जारी किया गया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन (व्वि एल्त्तर्ग्न्हि) ने मंगलवार को कहा कि पुतिन के साथ पीएम मोदी की बातचीत कि 'यह यूक्रेन में युद्ध का समय नहीं है।' पुतिन के साथ हुई पीएम मोदी की बैठक में यह एक सैद्धांतिक बयान था, जिसे वह सही मानते हैं। अमेरिका भारत के इस बयान का स्वागत करता है। एससीओ शिखर सम्मेलन के मौके पर पीएम मोदी के बयान पर एक सवाल के जवाब में सुलिवन ने कहा कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा वह सही और न्यायपूर्ण है। उनकी ओर से यह एक सिद्धांतिक बयान था। अमेरिका की ओर से इस बयान का स्वागत किया गया। अमेरिका और भारतीय नेतृत्व जिसके मास्को में लंबे समय से संबंध हैं। रूसी सरकार के माध्यम से उस संदेश को मजबूत रखना है। अब युद्ध समाप्त होने का समय है। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से यह युद्ध समाप्त होना चाहिए, वह रूस के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर की मूल शर्तों का पालन करना और उन क्षेत्रों को वापस करना है जिन्हें उसने बलपूर्वक जब्त हर देश को ऐसा करते हुए देखना चाहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि रूस को एक स्पष्ट और अचूक संदेश भेजना उस क्षेत्र में शांति पैदा करने रूप से उस क्षेत्र में शांति पैदा करने के लिए कर सकते हैं। गौरतलब है कि शंघाई सहयोग संगठन (एण्ढ) के शिखर सम्मेलन से इतर पीएम



कर लिया है। यूक्रेन या अमेरिका सभी को इस मूल प्रस्ताव के इर्द-गिर्द केंद्रित होने में सक्षम होना चाहिए। आप अपने पड़ोसी के क्षेत्र को बलपूर्वक नहीं जीत सकते हैं। यदि रूस उस प्रयास को छोड़ देता है, तो यूक्रेन में शांति सबसे तेज और निर्णायक रूप से आएगी। सुलिवन ने कहा कि वे दुनिया के के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही कहा कि हम चाहते हैं कि दुनिया का हर देश ऐसा करे। वे चाहें तो इसे सार्वजनिक रूप से कर सकते हैं। वे चाहें तो इसे निजी तौर पर कर सकते हैं। लेकिन इस समय मॉस्को को वह स्पष्ट और अचूक संदेश भेजना सबसे महत्वपूर्ण बात है, जो मुझे लगता है कि हम सामूहिक मोदी ने रूसी राष्ट्रपति से कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है। शांति को लेकर मैंने इस बारे में आपसे फोन पर बात की थी। भारत और रूस कई दशकों से एक-दूसरे के साथ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में द्विपक्षीय बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति से यह बात कही थी।

## आजादी के 75 साल बाद समाज में गंभीर विमर्श की जरूरत पर जोर

लेकिन एक कारक शताब्दियों के इतिहास में अनिवार्यतः विद्यमान रहा है। वह यह है : कोई बनता हुआ साम्राज्य या बन चुका साम्राज्य, शक्तिवान बनने का महत्वाकांक्षी देश या नवोदित राष्ट्र, खासतौर से विविधतापूर्ण समाज भावनात्मक स्तर पर एकजुट है या नहीं। आजादी के 75 साल बाद गंभीर विमर्श का एक विषय यह भी होना चाहिए कि पहले और दूसरे विश्व युद्ध के बीच और दूसरे विश्व युद्ध क्यों वंचित कर दिया और थकी-हारी सेना के कमांडर सिकंदर का वापसी पर कुछ दिन बाद निधन हो गया। या मौर्य जाति के सम्राट चंद्रगुप्त तपी-तपाई यूनानी सेना को अफगानिस्तान तक खदेड़कर घुटने टेकने के लिए मजबूर करने में क्यों कामयाब हुए। या बाबर ने वन डे मैच की तरह पानीपत में इब्राहिम लोदी और खानवा में कई राजपूत सेनाओं के प्रधान सेनापति राणा सांगा को क्यों हरा दिया। या दुनिया की सबसे बड़ी थल सेना के स्वामी सम्राट




के बाद ऐसा क्यों हुआ कि कुछ नई-नई ताकतें उभरीं, कुछ देश संभावनाओं के बाद भी ताकतवर नहीं बन पाए, कुछ बनकर बिखर गए या उपनिवेशवाद के उन्मूलन के बाद भी कोई नई उपनिवेशवादी ताकत क्यों दिन ब दिन शक्तिशाली होती जा रही है। या 'विश्व विजेता' सिकंदर 'महान' को झेलम के तट पर एक छोटे राजा पुरु ने विजय से अकबर के जीवन काल में ही दूर-दराज से आई औपनिवेशिक शक्तियां कैसे पैर जमाने लगीं। या प्रतापी औरंगजेब की सेना को छोटे अहोम राजा ने भागने को कैसे बाध्य कर दिया। या टापू देश, ब्रिटेन के व्यापारी फ्रांस, पुर्तगाल और डच ताकतों को परास्त कर देसी राजे-रजवाड़ों को वशीभूत करते हुए भारत में साम्राज्य किस प्रकार कायम कर बैठे।

## संक्षिप्त समाचार

### रानी एलिजाबेथ को श्रद्धांजलि देने के बाद हांगकांग का एक व्यक्ति गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग पुलिस ने कथित राजद्रोह के आरोप में शहर के ब्रिटिश वाणिज्य दूतावास के पास महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को श्रद्धांजलि देने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि 43 वर्षीय व्यक्ति को सोमवार देर रात वाणिज्य दूतावास के पास हिरासत में लिया गया,



जहां दर्जनों लोग दिवंगत सम्राट को याद करने के लिए एकत्र हुए थे। 1997 में चीनी शासन को सौंपे जाने से पहले जब यह एक ब्रिटिश उपनिवेश था तब एलिजाबेथ शहर में संप्रभु थी।स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति 2019 में शहर को हिलाकर रख देने वाले लोकतंत्र समर्थक विरोधों के गान ङ्ग्लोरी टू हॉन्ग कॉन्गङ्क सहित एक हारमोनिका पर गाना बजाते हुए वाणिज्य दूतावास के बाहर खड़ा हुआ था। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में भीड़ को गाते हुए दिखाया गया है। पुलिस ने कहा कि मंगलवार को उस व्यक्ति को देशद्रोह के इरादे से एक कार्य करने के संदेह में जांच के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने और विवरण नहीं दिया।हांगकांग के हजारों निवासियों ने हाल के दिनों में ब्रिटिश वाणिज्य दूतावास के सामने लाइन में खड़ा किया है और रानी को पुष्पांजलि अर्पित की है, जिसे शहर में कई लोग प्यार से ठबॉस लेडीठ के रूप में जानते हैं, जो अभी भी औपनिवेशिक शासन को याद करते हैं। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को 19 सितंबर को उनके प्यारे पति प्रिंस फिलिप के बगल में शाही चैपल में दफनाया गया है, जिनकी 2021 में मृत्यु हो गई थी। उनके उत्तराधिकारी राजा चार्ल्स घ्घ् के नेतृत्व में केवल ब्रिटिश शाही परिवार के सदस्य ही निजी समारोह में शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** भाजपा ने नोएडा महानगर में स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें शहर के सभी मंडलों के मुख्य मार्गों, प्रमुख चौक, चौराहों की साफ सफाई की गई। इस दौरान अलग स्थानों पर अलग भाजपा के वरिष्ठ अधिकारी रहे, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री और नॉएडा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा इ एसआई के सामने चौड़ा गाँव पर रहे, राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर गाँव तिगरी में रहे, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती बिमला बाथम एफ ब्लॉक सेक्टर 40 में रही। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्षा श्रीमती सुषमा सिंह नया बांस सेक्टर 15 में रही, गनन विकास संस्थान के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त मंत्री श्री नबाब सिंह नागर श्रमिक कुंज सेक्टर 122 में रहे, नॉएडा महानगर के ज़िलाध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता सेक्टर 110 के सरकारी अस्पताल में रहे। क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर सेक्टर 45 और पूर्व ज़िलाध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी सेक्टर 12 में रहे। डॉक्टर महेश शर्मा ने इस मौक़े पर कहा कि हम सभी लोगों को साफ-सफाई की आदत डालनी चाहिए। आम लोगों को साफ-सफाई को अपनी कार्यप्रणाली में शामिल करने की सीख देते हुए कहा कि सफाई स्वस्थ्य जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में स्वच्छता के प्रति लोगों





को जागरूक किया गया और झाड़ू लगाकर सफाई कार्यक्रम में श्रमदान किया। श्री सुरेंद्र नगर ने बताया कि आज मोदी जी के जन्मदिन के चलते सेवा पखवाड़े के अवसर पूरे देश ने ये स्वच्छता अभियान चलाया और उसके तहत झाड़ू लगाकर और सफ़ाई करके जागरूकता फैलाई गई।मनोज गुप्ता ने कहा कि अपने आसपास को स्वच्छ और सुंदर बनाएं ताकि गंदगी से शहर में रहने वाले लोगों को नुकसान न हो सके साथ ही नोएडा सुंदर बनाने में सभी सहयोग करें। इस दौरान कार्यक्रम के जिला प्रभारी बसंत त्यागी, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, महेश आवना, विनोद शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा, सूरज पाल राणा, कल्लू सिंह, बबलू यादव, पंकज झा, राम मेहर कौशिक, चमन आवना, डॉ प्रसनजीत मैत्रा, करतार सिंह, विक्रम सिंह धनखड़, इंद्रजीत जाटव, मनोज शर्मा, लोकेश यादव, अमरीश त्यागी, एस पी चमोली, गौतम शर्मा, देवंद्र शर्मा, राजकुमार चौहान, संजीत उपाध्याय, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिहिर भोज कन्या इंटर कालेज में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा श्री जयहिंद कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में श्री विवेकानन्द मिश्रा, तहसीलदार दादरी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन दिनांक 21 सितम्बर को दोपहर 12:00 बजे से मिहिर भोज कन्या इंटर कॉलिज, दादरी में किया गया। शिविर में छात्राओं को उनके मौलिक अधिकारो एवं कर्तव्यो के प्रति जागरुक, शिक्षा का अधिकार, बेटी बचाओ बेटी पढाओं, गुड टच बेड टच, भ्रूण हत्या आदि विषयो परविस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई।इसके अतिरिक्त विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा संचालित योजनाये जैसे निःशुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत, विधिक साक्षरता शिविरो के महत्व, स्थाई लोक अदालत आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त शिविर में श्री विवेकानन्द मिश्रा तहसीलदार दादरी, श्री शशि भूषण तिवारी अलहमद, श्री नरेन्द्र कुमार कानूगो के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पर नामित पीएलवीगण श्री राजवीर सिंह अकेला, श्री अली हसन व कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ व अधिक संख्या में छात्राये उपस्थित रही।






# एनपीसीएल ने 8.84 करोड़ रुपये की लाभांश धनराशि ग्रेट नोएडा प्राधिकरण को सौंपी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने शुक्रवार को 8.84 करोड़ रुपये की लाभांश धनराशि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सौंपी एनपीसीएल में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 27 फीसदी की हिस्सेदारी है, जिसके चलते एनपीसीएल से हर साल लाभ का हिस्सा प्राधिकरण को भी प्राप्त होता



है। यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2020-21 की है। एनपीसीएल के एमडी व सीईओ पीआर कुमार ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह को यह चेक सौंपा। इस अवसर पर प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि इस धनराशि को विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। बता दें, कि है। एनपीसीएल के एमडी व सीईओ पीआर कुमार ने कहा कि एनपीसीएल ग्रेटर नोएडा में सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए प्राधिकरण के साथ मिलकर सतत कोशिश करती रहेगी। चेक सौंपने के दौरान प्राधिकरण के एसीईओ प्रेरणा शर्मा व एनपीसीएल के अधिकारी शरद सिन्हा भी मौजूद रहे।

# शारदा में महिला शिल्पकार को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** शारदा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज ने मोन अ मी फाउंडेशन एंव शारदा युनिवर्सिटी





यूनुस सोशल बिजनेस सेंटर के संयुक्त सहयोग से कैंपस परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में हरोला, पृथला, होशियारपुर गांव से आई 25 महिला शिल्पकारों ने हिस्सा लिया। अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए शिल्पकारों ने प्रदर्शनी में मूंजा घाख से बनाई चीजें जैसे लांड्री बैग, फलों की टोकरी, हैंडल टोकरी, पिकनिक टोकरी आदि को प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजन पर बधाई देते हुए शारदा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज की डीन डॉ जयंती रंजन ने बताया कि शारदा एंव मोन अमी फाउंडेशन के बीच चल रहे समझौता ज्ञापन के तहत शारदा, नोएडा एंव उत्तर भारत की महिलाओं को निशुल्क कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कौशल विकास प्रशिक्षण में उन्हें हस्तशिल्प के साथ साथ कंप्यूटर, इंटरनेट एंव सोशल मीडिया के बारे में भी बताया जाता है जिसके तहत 200 से अधिक महिलाओं का प्रशिक्षण किया गया है। इस परियोजना के मेंटर डॉ मृदुल धारवाल ने कहा कि शारदा सदैव महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करता है। हमारे लिए यह गर्व की बात है की इस परियोजना के माध्यम से हमने अनेक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। पृथला गांव से आई महिला शिल्पकार रिंकू ने कहा कि वह शारदा का इस प्रशिक्षण कार्यक्रम एंव प्रदर्शनी आयोजन के लिए धन्यवाद करती है। उन्होने यह भी कहा की वह अपनी अन्य महिला मित्रों को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाऐगी। इस कार्यक्रम में शारदा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आरती शर्मा, जितेंद्र कुमार, अनूप कुमार, संजय कौशल सहित अनेक लोग उपस्थिति थे।

# भारत के खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणी से दुखी हूं, AIMA में बोले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि वह भारत के खिलाफ किसी भी तरह की प्रतिकूल टिप्पणी से आहत हैं, जो जमीनी हकीकत से पूरी तरह से अलग है और जिसे मीडिया ने जोर शोर से उठाया है। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ के 49वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कोविड-19 महामारी से निपटने, व्यापार करने में आसानी, आर्थिक सुधारों और भारत के आगामी जी-20 राष्ट्रपति पद के लिए सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'कार्यकारी नेतृत्व ने जमीन पर वह हासिल किया है जिसकी हमने पहले कभी कल्पना भी नहीं की थी। धनखड़ ने कहा कि महामारी ने सभी को देश की ताकत से अवगत कराया और यह जीवन के हर पहलू में परिलक्षित हुआ जब लोग मदद की



जरूरत वाले लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए आगे आए। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'कभी-कभी यह मेरे दिल को दुख देता है जब दुनिया के किसी भी कोने में इस देश की जमीनी हकीकत से पूरी तरह से अलग एक आवाज आती है जो कुछ प्रतिकूल कहती है और जिसे मीडिया जोर शोर से उठाता है।धनखड़ ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी सम्मेलन में शामिल होने वाले उद्योग जगत के नेताओं का अपमान है, जिनके पास 'कहीं से भी बोलने वाले सज्जन' की तुलना में बहुत अधिक परिपक्वता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'इस तरह की राजनीति को रोकना होगा और यह नियंत्रण केवल उस सहकर्मी समूह में हो सकता है जो मेरे सामने है। मैं इस पर अधिक विचार नहीं करूंगा।धनखड़ ने बिना किसी तर्क या आधार के उत्पन्न बड़ी बाधाओं के बावजूद कोविड के खिलाफ टीकाकरण में सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा, 'जिन लोगों ने यह चुनौती दी, वे इस बात से अनजान थे कि वे भारतीय दिमाग की प्रतिभा से खुद को दूर कर रहे हैं और भारत के विकास की कहानी साझा नहीं कर रहे हैं।धनखड़ ने कहा, 'यह समय की बात है कि जो अनुकूलन हो रहा है वह अधिक सुखदायक पारिस्थितिकी तंत्र में फलीभूत होगा। प्रतिक्रिया अद्भुत है।' उन्होंने कहा कि भारत को विश्व स्तर पर कभी भी उतनी तवज्जो नहीं मिली जितनी अब मिलती है।उपराष्ट्रपति ने कहा, 'यह गर्व की बात है कि भारतीय प्रधानमंत्री की छवि, भारतीय विदेश मंत्री की छवि, विदेश में हर भारतीय की छवि बहुत अलग है। हम एक ऐसे राष्ट्र हैं जो आगे बढ़ रहे हैं, और क्यों नहीं, सदियों पहले हम मानव गतिविधि के हर क्षेत्र में अग्रणी थे और हमें इस पर गर्व करने की जरूरत है।धनकड़ ने कहा कि भारत इस साल के अंत में जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण कर रहा है, जिससे देश को वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक एजेंडा को आकार देने का मौका मिलेगा।

# दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलेंगे गहलोत राहुल नहीं माने तो लडूंगा चुनाव

(आधुनिक समाचार सेवा)


**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को चुनाव होना है। अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम सबसे आगे लिया जा रहा है। वहीं, कांग्रेस नेता शशि थरूर भी गहलोत को चुनौती दे सकते हैं। इसी बीच, अशोक गहलोत आज दिल्ली पहुंच रहे हैं कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सरगमियां बढ़ गई हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से दिल्ली में मुलाकात करेंगे। मुलाकात में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रह सकती हैं। दइस मुलाकात से पहले राजस्थान में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई थी। बैठक में अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के संकेत दिए। इस बैठक में गहलोत ने कहा, 'मैं राहुल गांधी को मनाने की आखिरी कोशिश करूंगा।



# मनोज सिन्हा की दो वर्ष की मेहनत से टूटा कश्मीर में सिनेमा का 32 सालों का सन्नाटा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में सिनेमा का 32 सालों का सननटा तोड़ने में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की दो वर्षों की मेहनत सफल रही। इस दौरान सिन्हा ने श्रीनगर और दिल्ली से लेकर मुंबई तक न सिर्फ






फिल्म निर्माताओं से मुलाकात की, बल्कि जम्मू-कश्मीर की नई फिल्म पालिसी को एंटरटेनमेंट इडस्ट्री के दर्जे के साथ ही सरकार की ओर से कई तरह का प्रोत्साहन भी सुनिश्चित किया। इसमें कोई रुकावट न हो इसलिए उन्होंने जम्मू-कश्मीर फिल्म डेवलेपमेंट कौंसिल को अपने अधीन रखा। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, पिछले साल पांच अगस्त को जारी जम्मू-कश्मीर की नई फिल्म पालिसी से साफ हो गया था कि घाटी में सिनेमा का सननटा टूटने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। नई फिल्म पालिसी के साथ ही पहली बार जम्मू-कश्मीर फिल्म डेवलेपमेंट कौंसिल का गठन किया गया, जिसके प्रमुख खुद मनोज सिन्हा हैं और उनके सचिवालय के अधिकारी इसका कामकाज देखते हैं। फिल्म को इंडस्ट्री का दर्जा दिये जाने से सिनेमा हाल बनाने वालों के लिए बैंकों से लोन मिलना आसान हो गया। सिनेमा हाल खोलने के लिए कैपिटल इंवेस्टमेंट में 30 फीसद की सब्सिडी का प्रावधान किया गया। इस सब्सिडी की ऊपरी सीमा पांच करोड़ तक रखी गई। इसके साथ ही कैपिटल इंवेस्टमेंट के लिए बैंकों के लिये जाने वाले लोन के ब्याज में छह फीसद की वापसी की भी गारंटी दी। यही नहीं, इसके तहत सिनेमा हाल के टिकटों की बिक्री पर लगने वाले करों में 300 फीसदी तक की वापसी भी सुनिश्चित की गई। जम्मू-कश्मीर की नई फिल्म पालिसी का प्रभाव सिर्फ 32 सालों बाद सिनेमा हाल खुलने तक सीमित नहीं है। पिछले एक साल से बड़ी संख्या में घाटी में फिल्मों, डाक्यूमेंट्री और गानों की शूटिंग चल रही है। इस समय भी घाटी में मेघना गुलजार से लेकर फरहान अख्तर और इमरान हाशमी समेत आधा दर्जन से अधिक फिल्म निर्माता, निर्देशक और अभिनेता अपनी-अपनी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले एक साल में 160 से अधिक फिल्मों, डाक्यूमेंट्री और गानों की शूटिंग की इजाजत दी गई है और कई दर्जन प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घाटी में सिनेमा की फिर से शुरुआत एक नया आगाज है, जो जिहादी कल्चर को ध्वस्त करने में मददगार साबित होगी। उनके अनुसार मनोरंजन और आजादी पर लगाम लगने से घाटी के युवाओं का रुख आतंक और ड्रग की तरफ हो गया था। खेलकूद, मनोरंजन से लेकर अन्य गतिविधियों के सहारे अब युवाओं को मुख्य धारा में लाया जा रहा है।

# हिजाब के विरोध में ईरान में हिंसक हुआ प्रदर्शन पुलिस के साथ झड़प में 5 लोगों की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**तेहरान।** ईरान में हिजाब न पहनने पर पुलिस हिरासत में महिला की मौत का मामला तूल पकड़ गया है। 22 वर्षीया कुर्दिश महिला माहसा अमीनी की मौत के विरोध में ईरान में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। कई जगह इन प्रदर्शनों ने हिंसक रूप भी ले लिया। इस दौरान दीवानदारेह शहर में पांच लोग मारे गए। यह ईरान के कुर्द क्षेत्र का वह हिस्सा है, जहां सबसे ज्यादा विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच ईरान की महिला प्रदर्शनकारियों ने बाल कटाए और हिजाब जलाए। महिलाएं पर्दे में रहने के कठोर नियम का विरोध कर रही हैं। ईरान की न्यायपालिका ने महिला की मौत की जांच शुरू कर दी है। ईरान में महिलाओं के लिए हिजाब पहना अनिवार्य है। सरकारी टेलीविजन की रिपोर्ट में मौतों की पुष्टि तो नहीं की गई है लेकिन खबरों में कई प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी की बात कही गई है। गौरतलब है कि हिजाब नहीं पहने होने के कारण मोरलिटी पुलिस ने शुक्रवार को परिवार के साथ तेहरान घूमने आई अमीनी को हिरासत में लिया था और थाने में उसकी मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि हार्ट अटैक से उसकी मौत हुई, लेकिन परिवार ने शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। अमीनी की मौत के बाद लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया। शनिवार को साकेज में उसके जनाजे में शामिल लोगों ने प्रदर्शन किए।ईरान की पत्रकार मासिह अलिनेजाद ने अपने इंटरनेट मीडिया पोस्ट में महिलाओं के बाल कटाने का वीडियो पोस्ट किया है।




## पुतिन ने रूस में आंशिक लामबंदी की घोषणा की

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** पश्चिम देशों को चेतावनी भी दीमास्को, एजेंसी। इस साल 24 फरवरी से शुरू हुआ रूस और यूक्रेन युद्ध अभी तक जारी है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों को एक बार फिर चेताया है। पुतिन ने कहा कि पश्चिम देशों ने सीमा की सारी हदें पार कर ली हैं। पश्चिम देश रूस को कमजोर करने और नष्ट करने का आह्वान कर रहे हैं। राष्ट्र के नाम संबोधन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की कि यूक्रेन में युद्ध लगभग सात महीने तक पहुंचने पर सेना की आंशिक लामबंदी को लेकर डिक्री पर हस्ताक्षर किए गए हैं।पुतिन ने कहा कि यह निणान्य मातृभूमि इसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए लिया गया था। इसे पश्चिम देशों द्वारा एक वृद्धि के रूप में देखा जा रहा था।

# अक्षय कुमार, अजय देवगन और अनुपम खेर ने दी श्रद्धांजलि


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का बुधवार को 58 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। बता दें कि



राजू श्रीवास्तव को 10 अगस्त की सुबह वर्कआउट के दौरान दिल का दौरा पड़ने के बाद दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था। कॉमेडियन गजोधर भाइया लगभग 40 दिनों बाद अपनी जिंदगी की जंग हार गए उनके निधन की खबर मिलते ही बॉलीवुड सेलेब्स कॉमेडियन को याद करते हुए श्रद्धांजलि रहे हैं। राजू श्रीवास्तव को याद करते हुए अक्षय कुमार, अनुपम खेर, विवेक रंजन अग्निहोत्री, सोनू सूद, भारती सिंह, अशोक पंडित जैसे कलाकार ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार ने मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि देते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए लिखा, 'जिंदगी भर बहुत हंसाया राजू भाई आपने भगवान से प्रर्थाना है कि आपकी आत्मा को सदगती मिले'कॉमेडियन को श्रद्धांजलि देते हुए द कश्मीर फाइल्स अभिनेता ने ट्वीट पर लिखा, प्यारे राजू श्रीवास्तव! तुम्हारे जाने से समूचे देश की हंसी थम सी गयी है! खिलखिलाहट में वो गूंज नहीं रही! इतनी भी क्या जल्दी थी ऊपर वालों को हंसाने की! बहुत याद आओगे दोस्त! वो तुम्हारा ज़ोरदार ठहाका। वो कंधे पर हाथ रखकर अपना नया जोक सुनाना। हंसाते हुए रुला कर चले गये! ओम शांति। बॉलीवुड अभिनेता अशोक पंडित ने कॉमेडियन को याद करते हुए श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीटर पर लिखा, राजू श्रीवास्तव के परिवार से बात की। वो अब नहीं रहे हैं। आधे घंटे पहले निधन हो गया है, ये उद्योग जगत को बड़ा नुकसान है। मैं राजू श्रीवास्तव को कभी नहीं भूलूंगा। परिवार के लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूं।राजू श्रीवास्तव के निधन पर मशहूर कवि कुमार विश्वास ने ट्वीट कर अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए लिखा, राजू भाई ने आखि़र ईश्वर के लोक की उदासी से लड़ने के लिए, सांसारिक यात्रा से विराम ले ही लिया। उनके संघर्ष के दिनों से लेकर यश के शिखर तक की यात्रा के सैकड़ों संस्मरण आंखों के आगे तैर रहे हैं। उदास लोगों को मुस्कराहट की ईश्वरीय सौग़ात देने वाले सिकंदर को अंतिम प्रणाम भाई।वहीं, अशोक पंडित, कवि कुमार विश्वास के अलावा भारती सिंह, युविका चौधरी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

# सोनम कपूर के बच्चे का हुआ नामकरण, एक्ट्रेस ने बताया नाम का मतलब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बी टाउन की न्यू मॉम सोनम कपूर ने रीसेंट्ली अपने बेटे का वन मंथ बर्थ डे सेलिब्रेट किया। सोनम ने इंस्टा पर अपने बच्चे के बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटो दिखाई थी, जिसके बाद फैंस उनके नन्हे राजकुमार को देखने के लिए बेताब हो गए। फिलहाल, मिसेज अंगद आहूजा ने अपने बच्चे से जुड़ी एक फैमिली फोटो में सोनम ने अपने बेटे के नाम का मतलब समझाया है। उन्होंने लिखा, 'हिंदू शास्त्रों में वायु पंच तत्वों में से एक है। वह सांस के देवता है, हनुमान, भीम और माधव के आध्यात्मिक पिता हैं और वे हवा के अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली स्वामी हैं।' उन्होंने आगे बताया, 'प्राण वायु है, जो ब्रह्मांड में जीवन और बुद्धि



और तस्वीर शेयर की है, लेकिन इसमें भी उन्होंने चेहरा नहीं दिखाया है। सोनम ने एक फैमिली फोटो शेयर की है, जिसमें उन्होंने अपने बेटे का नाम रिवील किया है। बच्चे का नाम और उसके अर्थ की खूबसूरती को जानने के बाद फैंस आहूजा कपल को शुभकामनाएं दे रहे हैं। बता दें कि सोनम ने मुंबई में बच्चे का नामकरण किया है। इंस्टाग्राम पर की मार्गदर्शक शक्ति है। प्राण, इंद्र, शिव और काली के सभी देवता वायु से संबंधित हैं। वह जीवों में उतनी ही आसानी से प्राण फूंक सकता है, जितना वह बुराई को नष्ट कर सकता है। वायु को वीर, बहादुर और मंत्रमुग्ध करने वाला सुंदर कहा जाता है।' सोनम कपूर और आनंद आहूजा 20 अगस्त को पेरेंट्स बने थे। आज उनके बेटे की वन मंथ एनिवर्सरी सेलिब्रेट की गई।

# आदिल और उनकी एक्स पर नजर रखने के लिए कराई थी जासूसी, BF के बंगले पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर खूब सुखियों में बनीं हुई हैं। राखी सावंत




बिजनेसमैन आदिल खान दुर्रानी को डेट कर रही हैं। अक्सर दोनों की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। वहीं दोनों को हमेशा ही पब्लिक प्लेस पर अपने प्यार का इजहार करते देखा जाता है। इसी बीच राखी ने खुद को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वो बॉयफ्रेंड को लेकर काफी इन्सिक्योर हो गई थीं। इसी वजह से राखी ने आदिल की गर्लफ्रेंड की जासूसी करने के लिए एक बेहद अजीब काम कर दिया था। आइए जानते हैं क्या आदिल और उसकी एक्स की कराई थी जासूसी राखी सावंत ने हाल ही में एक मीडिया इंटरैक्शन के दौरान बताया कि उन्होंने अपने रिलेशनशिप को स्ट्रांग रखने के लिए एक बेहद फिल्मी कदम उठाया था। उनके बॉयफ्रेंड उन्हें धोखा दे रहे हैं या नहीं ये चेक करने के लिए राखी ने एक जासूस को हायर किया था, जो आदिल और उनकी गर्लफ्रेंड की हर हरकत पर नजर रखता था।राखी ने खुद बताया कि आदिल खान की एक्स गर्लफ्रेंड रोशीना ने उन्हें कॉल किया था और बताया था कि आदिल के मैसूर वाले अपार्टमेंट में उसने आदिल के साथ रात बिताई थी। ये बात सुनते ही राखी काफी हैरान रह गईं थीं। इसके बाद उन्होंने आदिल के पीछे, उनके घर तक, एक जासूस को भेजा था ताकि वो चेक कर सके कि रोशनी सच बोल रही है या नहीं। हालांकि अब उन्हें आदिल पर पूरा भरोसा है कि वो उन्हें कभी धोखा नहीं देगें। आपको बता दें कि राखी सावंत का नाम आदिल से पहले सिंह के साथ जुड़ा था। इतना ही नहीं दोनों दुनिया से छुपके शादी भी रचाई थी। हालांकि यह रिश्ता ज्यादा लम्बा नहीं चला। रितेश के बाद एक्ट्रेस की लाइफ में आदिल की एंट्री हुई। कहा जा रहा है दोनों जल्द शादी करने वाले हैं।

# अजय देवगन की 'थैंक गॉड' को लेकर बवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर कॉमेडी फिल्म 'थैंक गॉड' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन रिलीज से पहले इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी ये फिल्म मुसीबत में फंसती हुई नजर आ रही है। अजय देवगन की इस फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया पर फिल्म का विरोध हो रहा है और अब मध्य प्रदेश के एजुकेशन मिनिस्टर विश्वास सारंग ने केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को एक लेटर लिखकर फिल्म 'थैंक गॉड' को बैन करवाने की मांग की है। एएनआई में छपी रिपोर्ट्स की मानें तो बीजेपी लीडर और एजुकेशन मिनिस्टर विश्वास सारंग ने मंत्री अनुराग ठाकुर को लिखे लेटर में ये क्लेम किया है कि अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'थैंक गॉड' में भगवान के रूप को गलत तरह से प्रदर्शित किया गया है। ये पहली बार नहीं है जब इस फिल्म को बैन करने की मांग उठी है, इससे पहले सोमवार को मुरादाबाद में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने फिल्म में भगवान के रूप को गलत तरह से प्रदर्शित करने को लेकर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए 'थैंक गॉड' के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इससे पहले बरेली में भी फिल्म को लेकर कायस्थ




समाज ने नाराजगी जाहिर की थी। अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर ये फिल्म वैसे तो कॉमेडी शैली की है, लेकिन इस फिल्म में अजय देवगन चित्रगुप्त का किरदार निभा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस फिल्म में हिंदू धर्म का मजाक उड़ाया जा रहा है। जिस तरह से चित्रगुप्त के किरदार का फिल्म में विवरण किया गया है वह गलत है। फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन करने के अलावा जौनपुर कोर्ट में फिल्म के खिलाफ केस भी दर्ज हुआ था।

# ब्रह्मास्त्र की आलोचना के बीच फिल्म इंडस्ट्री ने किया था यह सराहनीय काम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ब्रह्मास्त्र की ताबड़तोड़ कमाई का सिलसिला जारी है। 09 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने अब तक 360 करोड़ का कलेक्शन



वर्ल्डवाइड कर लिया है। वैसे, बॉक्स ऑफिस पर ब्रह्मास्त्र फिल्म का रिस्पांस कैसा भी हो, लेकिन इसकी रिलीज इतनी आसान नहीं थी। फिल्म को काफी क्रिटिसिजम का सामना करना पड़ा। रिलीज से पहले और बाद में भी फिल्म को लेकर आलोचनाओं को दौर रुकने का नाम नहीं ले रहा था। मगर अब क्योंकि यह फिल्म अच्छा रिस्पांस कर रही है, तो आलिया-रणबीर समेत मेकर्स की टेंशन कुछ हद तक दूर हुई है। इसका क्रेडिट कहीं न कहीं पूरी फिल्म इंडस्ट्री को जाता है।हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, आलिया ने बताया कि न सिर्फ उनके फ्रेंड्स और फैमिली, बल्कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री ने 'ब्रह्मास्त्र' को सपोर्ट किया। एक ऐसे वक्त में जब बीते कुछ महीनों में बॉलीवुड की लगभग सभी फिल्में फ्लॉप साबित हुई हैं, उस पर 'ब्रह्मास्त्र' को लेकर काफी प्रेशर था। आलिया ने बताया कि रिलीज से पहले तक उन्हें काफी सारे 'आल द बेस्ट' मेसेज मिले थे। यह मेसेज फिल्म इंडस्ट्री के लोगों की तरफ से थे। रिलीज से पहले जब फिल्म को लेकर हर ओर नेगेटिव आलोचना थी, ऐसे में इंडस्ट्री से पॉजिटिव रिस्पांस मिलना स्पेशल और सराहनीय है। इस पर रणबीर कपूर ने बताया कि रिलीज के पहले दिन कई एक्टर्स फिल्म देखने गए थे। आमतौर इंडस्ट्री से कोई एक्टर ऐसा करते नहीं हैं क्योंकि वह ट्रायल देखना ज्यादा प्रिफर करते हैं। लेकिन ब्रह्मास्त्र को लेकर इंडस्ट्री बहुत सपोर्टिव रहीब्रह्मास्त्र रिलीज के पहले दिन ऋतिक रोशन समेत कई एक्टर्स ने थिएटर में जाकर फिल्म का मजा लिया था। फिल्म देखने के बाद मूवी रिव्यू करते हुए ऋतिक ने कहा कि वह ब्रह्मास्त्र में वीएफएक्स, एक्टिंग, बीजीएम साउंड को लेकर काफी प्रभावित हुए थे। वह इसे दोबारा देखना पसंद करेंगे। आलिया भट्ट के साथ बॉलीवुड डेब्यू करने वाले वरुण धवन ने भी फिल्म की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि इस मूवी को देखने के मजा सिर्फ थिएटर में है।वरुण की तरह जाह्नवी कपूर ने भी फिल्म को लेकर तारीफों के पुल बांधे। जाह्नवी ने कहा था कि थिएटर में ऑडियंस को चियर अप और हूटिंग करते हुए देख उन्हे काफी अच्छा लग रहा था।

# कभी शाहिद के साथ लीक हुआ था करीना का यह वीडियो, इस कंट्रोवर्सी ने बटोरी थी सुर्खियां

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की फर्स्ट फैमिली से ताल्लुक रखने वाली करीना कपूर खान आज इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं। साल 2000 में उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी और तब से लेकर अब तक वह कई बेहतरीन फिल्मों






में काम कर चुकी हैं। वर्सटाइल एक्ट्रेस करीना कपूर खान ऑनस्क्रीन कई अलग तरह के किरदार निभा कर अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। लेकिन बेबो की सिर्फ फिल्में ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ भी उतनी ही लाइमलाइट में रहती है। एक्ट्रेस का शाहिद कपूर के साथ अफेयर काफी सुखियों में था। करीना कपूर आज 42वां जन्मदिन मना रही हैं। उम्र के इस मुकाम पर पहुंचने के बाद आज भी बेबो बेबाकी से अपनी हर बात कहती हैं। करीना ने कभी भी अपने अफेयर को किसी से छुपा कर नहीं रखा। जब वह शाहिद को डेट कर रही थीं, तब भी उन्होंने पब्लिकली खुलकर अपनी फीलिंग्स जाहिर की थीं। फिल्मों में काम करने के दौरान ही शाहिद और करीना एक दूसरे के करीब आए। इनके प्यार की चर्चा हर ओर थी लेकिन, 20 सेकंड के एक एमएमएस ने इसी प्यार की फजीहत कर दी। इसके चलते शाहिद और करीना ने जमकर सुर्खियां बटोरीं। इसे खानदान की बेइज्जती के तौर पर देखा गया। एक वक्त था जब दोनों का प्यार परवान चढ़ा था। लेकिन करीब तीन साल की डेटिंग के बाद इनके रास्ते अलग हो गए। यह फैंस के लिए काफी चौंकाने वाला था, लेकिन असली हंगामा तो तब हुआ जब दोनों स्टार का एमएमएस वायरल हुआ था। उनके जन्मदिन पर आइये जानते हैं कि क्या थी करीना से जुड़ी वो कंट्रोवर्सी। इस 20 सेकंड के वीडियो में करीना कपूर को कपड़े बदलते और फिर शाहिद कपूर को उन्हें किस करते हुए देखा गया था। ये प्राइवेट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें दोनों लिपलॉक करते दिखे थे। उन दिनों में वीडियो को लेकर खूब कंट्रोवर्सी हुई थी। कुछ वर्षों को डेटिंग के बाद अचानक ही दोनों के बीच दूरियां बढ़ने लगीं। जहां एक तरफ करीना फिल्म टशन में काम कर रही थीं, वहीं शाहिद विद्या बालन के साथ 'किस्मत कनेक्शन' में बिजी हो गए थे। टशन फिल्म की शूटिंग के दौरान ही करीना और सैफ में नजदीकियां बढ़ीं, जो कि शाहिद से उनकी दूरी का एक कारण माना जाता है। उधर, शाहिद का भी विद्या बालन और अमृता राव के साथ नाम जुड़ने लगा। इसके बाद से ही दोनों के झगड़े बढ़ने लगे और आखिरकार इस क्यूट कपल की लव स्टोरी का दि एंड हो गया।

# ऑस्कर विनर इटैलियन क्लासिक 'सिनेमा पैराडीजो' जैसी है भारत की एंट्री 'छेलो शो'नइ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मंगलवार को आखिरकार उस फिल्म के नाम का एलान हो गया, जो अगले साल मार्च में हो रहे 95वें एकेडमी अवॉर्ड्स में भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करेगी। दूसरे शब्दों में कहें तो वो फिल्म, जो ऑस्कर अवॉर्ड्स की बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म कैटेगरी में दुनियाभर से आने वाली बेहतरीन फिल्मों से मुकाबला करेगी। साथ ही कोशिश करेगी कि भारतीय सिनेमा का नाम कम से कम नामांकन लिस्ट में तो शामिल हो ही जाए। यह फिल्म है छेलो शो (ट्टं इग्त्स् एप्दै), जो मूल रूप से गुजराती भाषा में बनायी गयी है। ऑस्कर पुरस्कारों के लिए देश की आधिकारिक प्रविष्टि चुनने वाली संस्था फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इस बार छेलो शो पर दाव लगाया है। छेलो शो को चुने जाने से आरआरआर और द कश्मीर फाइल्स के समर्थक हैरान हैं, जो पिछले कुछ महीनों से अपनी-अपनी पसंद की फिल्म के लिए सोशल मीडिया में अभियान चलाये हुए थे। मगर, इन प्रतिक्रियाओं के बीच छेलो शो को लेकर एक और एंगल निकल आया है, जिसका सिरा






इटैलियन सिनेमा की विश्वविख्यात फिल्म सिनेमा पैराडीजो तक जाता है। दरअसल, सिनेमा के कुछ शौकीनों ने छेलो शो और सिनेमा पैराडीजो के बीच समानताएं खोज निकाली हैं। 1988 में आयी सिनेमा पैराडीजो विश्व सिनेमा की एक क्लासिक फिल्म मानी जाती है। एम्पायर मैगजीन ने इसे दुनिया की महानतम फिल्मों की सूची में शामिल किया है। दोनों फिल्मों के प्लॉट तकरीबन एक जैसे हैं। सिनेमा पैराडीजो एक गरीब बच्चे की कहानी दिखाती है, अनजाने में जिसका झुकाव सिनेमा की तरफ हो जाता है। वक्त के साथ यह झुकाव जुनून में बदलता है और वो बच्चा बड़ा होकर एक महान फिल्ममेकर बनता है। छेलो शो का प्लॉट भी कुछ ऐसा ही है, बस कथाभूमि और किरदार अलग हैं। छेलो शो जहां सौराष्ट्र के छोटे से गांव में स्थापित की गयी है, वहीं सिनेमा पैराडीजो की कहानी इटली के स्मॉल टाउन सिसिलियन में दिखायी गयी है। सिनेमा पैराडीजो बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी और इटैलियन सिनेमा को रफ्तार देने के लिए याद की जाती है। छेलो शो का निर्देशन पान नलिन ने किया है, जिन्होंने संसार, वैली ऑफ फ्लॉवर्स और एंग्री इंडियन गॉडेसेज जैसी फिल्में बनायी हैं। छेलो शो नलिन की बायोग्राफिकल फिल्म है, जिसमें उनके अपने बचपन की झलकियां हैं। यह फिल्म दुनियाभर के कई समारोहों में शामिल हो चुकी है और पुरस्कार भी जीत चुकी है, जिनमें रॉबर्ट डिनीरोज ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल भी शामिल है। फिल्म गुजरात और देश के चुनिंदा सिनेमाघरों में 14 अक्टूबर को रिलीज की जा रही है। दिलचस्प बात यह है कि छेलो शो सिनेमा पैराडीजो के देश इटली में भी रिलीज होगी।

# तेजस्वी प्रकाश ने गोवा में खरीदा अपने सपनों का आशियाना,ब्वॉयफ्रेंड करण कुंद्रा ने कह दी ये बड़ी बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश इन दिनों अपने शो 'नागिन 6' को लेकर छाई हुई हैं। एकता कपूर के सुपरनैचुरल शो में एक्ट्रेस डबल रोल में नजर आ रही हैं। बिग बॉस 15 की ट्रॉफी जीतने वालीं तेजस्वी प्रकाश लगातार कामयाबी का शिखर छू रही हैं। उनकी पॉपुलैरिटी में भी दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। आज के समय में तेजस्वी प्रकाश टेलीविजन की उन अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हैं, जो एक शो के लिए सबसे ज्यादा फीस ही नहीं लेतीं, बल्कि एक लग्जरी लाइफ भी जीती है। कुछ महीनों पहले ही तेजस्वी प्रकाश ने एक लग्जरी कार खरीदी थी। जिसके बाद अब उन्होंने अपने सपनों का नया आशियाना खरीदा है। तेजस्वी प्रकाश ने गोवा में नया घर खरीदा है और इस बात की जानकारी फैंस के साथ उनके ब्वॉयफ्रेंड करण कुंद्रा ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की। गोवा में तेजस्वी प्रकाश के नए घर की चाबी को रिसीव करते हुए करण कुंद्रा ने एक इंस्टा स्टोरी शेयर की है। इस वीडियो में तेजस्वी प्रकाश अपने नए आशियाने की चाबी लेते हुए काफी खुश नजर आईं। अपनी गर्लफ्रेंड के इस वीडियो को शेयर करते हुए करण कुंद्रा ने उन पर काफी प्यार लुटाया और साथ ही तेजस्वी प्रकाश के घर से दिखने वाले नजारे की वीडियो भी शेयर की।करण कुंद्रा ने इस वीडियो को शेयर करने के साथ ही अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक बहुत ही प्यारा सा मैसेज भी लिखा।





स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
( उ.प्र. ) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
( उ.प्र. ) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।